दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



इस बार कान्हा बनकर.......
हम भी बनेंगे कान्हा जैसे.......

वर्ष : 10 | अंक : 253 | लखनऊ, 24 अगस्त, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ, 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बीते सात साल से उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिर देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं। प्रतिष्ठित मीडिया समूह के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को नंबर वन सीएम के तौर पर जनता ने चुना है ।देशभर में 1.36 लाख से अधिक जनता के बीच हुए सर्वे में 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी को बेस्ट सीएम माना है। योगी इस सर्वे में लगातार तीसरी बार देश के बेस्ट चीफ मिनिस्टर चुने गये हैं। वहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बहुत पीछे हैं।

'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में देश के 30 राज्यों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गये सवालों में योगी आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वो किसे देश का सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं, इसपर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई है। इस सर्वे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि पश्चिम बंगाल की सीएम लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं चौथे नंबर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला ।इसी तरह पांचवें नंबर पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया। इस लिस्ट में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कुछ हद तक समर्थन मिला है।

दावा किया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साढ़े सात साल में कानून-व्यवस्था से लेकर रोड कनेक्टिविटी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मिशन मोड में कार्य किया। इसके साथ ही यूपी को उद्योग प्रदेश बनाने में जुटे योगी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करके नया कीर्तिमान रचा है ।इसके अलावा रोजगार को लेकर भी दावे किए जाते हैं ।योगी सरकार की तरफ से दावा किया जाता है कि दो करोड़ युवाओं को रोजगार और साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। इससे मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है।

## लखनऊ के चर्चित श्रवण हत्याकांड में आठ को आजीवन कारावास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र में करीब सात वर्ष पूर्व हुए बहुचर्चित श्रवण साहू हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट ने आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राहुल प्रकाश ने श्रवण साहू की हत्या करने, साक्ष्य मिटाने और हत्या की साजिश रचने के आरोपी सत्यम पटेल, अमन सिंह, अकील अंसारी, विवेक शर्मा, बाबू खान, बबलू उर्फ फैसल, अजय पटेल और रोहित मिश्रा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और जुमार्ने से दंडित किया है। कोर्ट ने सत्यम, अमन पर दो लाख 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है ।वहीं, अकील, विवेक, बाबू, फैसल, अजय और रोहित पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है ।कोर्ट ने शूटर सत्यम पटेल और अमन सिंह को हत्या, हत्या की साजिश, साक्ष्य मिटाने और साक्ष्य मिटाने की साजिश रचने में सजा सुनाई है। वहीं, अकील अंसारी, विवेक शर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल और रोहित मिश्रा को हत्या की साजिश और साक्ष्य मिटाने की साजिश रचने में सजा सुनाई गई है।

## बीआरएस ने कृषि ऋण माफी को लेकर किया राज्यव्यापी प्रदर्शन



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना में विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने बृहस्पतिवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार से कृषि ऋण माफी योजना को बिना शर्त लागू करने की मांग की। प्रदर्शन के तहत बीआरएस नेताओं और पार्टी कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर रैलियां निकालीं, धरने दिए और नारे लगाए तथा सरकार से बिना किसी शर्त के सभी किसानों के दो लाख रुपये के ऋण माफ करने के अपने वादे को पूरा करने की मांग की।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव सहित पार्टी नेताओं ने राज्य में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनों में भाग लिया। बीआरएस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों पर सभी किसानों को दो लाख रुपये तक की ऋण माफी के मामले में धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले दो मौकों पर फसल ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही ।मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा, किसानों को बीआरएस द्वारा फैलाई गई अफवाहों में नहीं आना चाहिए। मेरी सरकार सभी लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार है। बीआरएस पर भरोसा मत कीजिए, जिसने दस साल तक तेलंगाना को लूटा है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 81,332.72 |
| निफटी | 24,834.85 |

## दिल्ली सरकार एमपॉक्स को लेकर सतर्क : स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार राजधानी में एमपॉक्स (एमपीओएक्स) की स्थिति को लेकर कड़ी सतर्कता बरतने के साथ घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र और अन्य राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों को ध्यान से देख रही है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। केंद्र और (अन्य) राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों पर भी हमारी पैनी नजर है। इस सप्ताह की शुरूआत में दिल्ली सरकार ने एलएनजेपी अस्पताल, जीटीबी अस्पताल और बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल को एमपॉक्स के संदिग्ध और सत्यापित मामलों के प्रबंधन के लिए पृथक कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया था। हालांकि उसने यह भी स्पष्ट किया था कि इस संक्रमण के किसी भी मरीज का पता नहीं चला है। इस संक्रमण के सिलसिले में एलएनजेपी अस्पताल को नोडल अस्पताल के रूप में नामित किया गया है, जबकि आपात स्थिति के लिए दो अन्य को भी तैयार रखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीका के कई हिस्सों में इसके व्यापक प्रसार को देखते हुए एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात घोषित किया है।

## आपातकाल का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फिर किया जिक्र

### सत्ता से चिपके रहने के लिए तानाशाहीपूर्ण कार्य किया था

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आपातकाल के बहाने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर से बिना नाम लिए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं आपको याद दिला दूं, 1975 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा कठोर आपातकाल की घोषणा के साथ इस महान राष्ट्र को लहूलुहान कर दिया गया था, जिन्होंने धर्म की घोर और अपमानजनक अवहेलना करते हुए सत्ता और स्वार्थ से चिपके रहने के लिए तानाशाहीपूर्ण कार्य किया था। उन्होंने कहा कि वास्तव में, यह धर्म का अपवित्रीकरण था। यह अधर्म था जिसे न तो नकारा जा सकता है और न ही माफ किया जा सकता है। वह अधर्म था जिसे अनदेखा या भुलाया नहीं जा सकता।

जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को जेल में डाल दिया गया। उनमें से कुछ प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति बने और सार्वजनिक सेवा के पदों पर आसीन हुए। और यह सब धर्म के रक्षकों की सनक को संतुष्ट करने के लिए किया गया था। मैं अपने आप से प्रश्न करता हूं कि उस समय उन धर्म योद्धाओं का क्या हुआ? मेरा उत्तर सरल है। उन्होंने कहा कि उनमें से एक लाख से अधिक लोगों को अपमान, कारावास का सामना करना पड़ा और यह संवैधानिक और लोकतांत्रिक आपदा संकेत देती है कि समाज को लंबे समय तक पीड़ा झेलनी होगी, अपने निष्पक्ष चेहरे पर अमिट निशान झेलना होगा जब हम अधर्म को अनुमति देते हैं।

उन्होंने कहा कि धर्म के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में, धर्म के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में, धर्म की रक्षा के लिए, धर्म में विश्वास दिखाने के लिए, 26 नवंबर को संविधान दिवस और 25 जून को संविधान हत्या दिवस का पालन आवश्यक है। वे धर्म के उल्लंघनों की गंभीर याद दिलाते हैं और संवैधानिक धर्म में उत्साही पालन का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में, यह चिंता बढ़ती जा रही है कि जिन लोगों को लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे अपने धर्म से दूर जा रहे हैं। ईमानदारी, पारदर्शिता और न्याय के साथ लोगों की सेवा करना उनका पवित्र कर्तव्य है!

## भारत–यूक्रेन ने जारी किया ज्वाइंट स्टेटमेंट

### मानवीय मदद से लेकर दवा तक हुए दोनों देशों के बीच 4 समझौते

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत के प्रधान मंत्री की यूक्रेन यात्रा पर भारत-यूक्रेन संयुक्त वक्तव्य जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर 23 अगस्त 2024 को यूक्रेन की यात्रा की। प्रधान मंत्री मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित क्षेत्रीय अखंडता और राज्यों की संप्रभुता के सम्मान जैसे अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने में आगे सहयोग के लिए अपनी तत्परता दोहराई। वे इस संबंध में करीबी द्विपक्षीय बातचीत की वांछनीयता पर सहमत हुए। भारतीय पक्ष ने अपनी सैद्धांतिक स्थिति दोहराई और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर ध्यान केंद्रित किया, जिसके एक भाग के रूप में भारत ने जून 2024 में स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में आयोजित यूक्रेन में शांति शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

जेलेंस्की से मुलाकात के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब युद्ध के शुरूआती दिन थे तो आपने भारतीय नागरिकों और छात्रों को निकालने में मदद की। संकट के इस समय में आपकी मदद के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं... दुनिया यह अच्छी तरह से जानती है कि इस दौरान युद्ध में हमने दो भूमिकाएँ निभाईं...पहली भूमिका थी मानवीय दृष्टिकोण की...मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मानवीय दृष्टिकोण से चाहे जो भी आवश्यकता हो, भारत हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा और दो कदम आगे रहेगा।

जेलेंस्की से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने साफ किया कि भारत ने युद्ध में कभी भी तटस्थ रुख नहीं अपनाया है, बल्कि वह हमेशा शांति का पक्षधर रहा है ।पीएम मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की वकालत करने के भारत के लगातार प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत इस युद्ध में कभी भी तटस्थ नहीं था, हम शांति के पक्ष में हैं।

## इंदौर में रिजॉर्ट की निर्माणाधीन कॉटेज की छत गिरी, पांच मजदूर मलबे में दबे

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में शुक्रवार को एक रिजॉर्ट की निर्माणाधीन कॉटेज की सीमेंट की छत गिरने से कम से कम पांच मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर चोरल क्षेत्र में बन रहे एक रिजॉर्ट की निर्माणाधीन कॉटेज की सीमेंट की छत गिर गई। उन्होंने बताया, रिजॉर्ट के चौकीदार की प्राथमिक सूचना के मुताबिक इस हादसे में कम से कम पांच मजदूर मलबे में दब गए। चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

## उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से चार नेपाली मजदूरों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उत्तराखंड के फाटा गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नेपाल के चार मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने मलबे से मजदूरों के शव बरामद किए। रुद्रप्रयाग के आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने बताया कि अधिकारियों को गांव में एक खाट गदेरा (वर्षा जल तालाब) के पास रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर हुई घटना की जानकारी मिली जिसके बाद बचाव दल को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात को इलाके में भारी बारिश हुई। राजवार ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त तुल बहादुर, पूर्णा नेपाली, किशन परिहार और चीकू बुरा के रूप में हुई है। ये सभी नेपाल के निवासी थे।

## महाराष्ट्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है : लाडकी बहिन कार्यक्रम में शिंदे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नासिक । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने माझी लाडकी बहिन योजना को लागू करके अपना वादा निभाया है और वह राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। लाडकी बहिन योजना के कार्यान्वयन पर आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने वादा किया कि अगर महिलाएं उनकी सरकार को अपना आशीर्वाद देंगी तो उनका भविष्य और भी बेहतर होगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, मंत्री दादाजी भुसे और छगन भुजबल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उन्होंने कहा, हम वादे पूरे करने वाले लोग हैं। मेरी बहनों (लाभार्थियों) को रक्षाबंधन से दो दिन पहले उनके बैंक खातों में पैसे मिले। नासिक जिले में लाडकी बहिन योजना के लिए 11 लाख आवेदकों में से आठ लाख को पैसे मिले। राज्य में करीब 1.40 करोड़ महिलाओं को पैसे मिले हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन महिलाओं के फार्म पर अब तक कार्यवाही नहीं हुई है और जो महिलाएं 31 अगस्त तक अपने फार्म जमा करा देंगी, उन्हें एक ही बार में तीन महीने की रकम दी जाएगी। शिंदे ने दावा किया कि विपक्षी दल इस योजना की आलोचना इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे इसकी सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं।

लाडकी बहिन योजना के तहत 21-60 आयु वर्ग की उन विवाहित, तलाकशुदा और निराश्रित महिलाओं को 1,500 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जाती है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 2.5 लाख रुपये है। शिंदे ने कहा कि बदलापुर में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न की घटना दुखद है, लेकिन त्वरित कार्रवाई की गई और अपराधी को पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। विपक्षी दलों ने इस घटना का राजनीतिकरण किया। जैसे हमने लाडकी बहिन दी, वैसे ही हम सुरक्षित बहन देंगे। वे इस योजना का विरोध करके नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। जिन लोगों ने कोविड-19 महामारी के दौरान पैसा कमाया, वे अब खुद को संवेदनशील कहते हैं। शिंदे ने कहा कि अगर महिलाएं सरकार को आशीर्वाद देती हैं तो मासिक सहायता को 3,000 रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के बिजली बिल माफी और युवाओं के लिए प्रशिक्षण योजना भी शुरू की है। लाडकी बहिन योजना की आलोचना करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए फडणवीस ने कहा कि जो लोग अमीर घर में पैदा हुए हैं और होटलों में टिप के रूप में 1,500 रुपये देते हैं, वे इस राशि का महत्व नहीं समझेंगे।

## मध्य प्रदेश: पांढुर्ना जिले में बस पलटने से पांच लोगों की मौत, 40 अन्य घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भोपाल से हैदराबाद जा रही एक निजी बस महाराष्ट्र की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के नवगठित पांढुर्ना जिले में पलट गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 40 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) बृजेश भार्गव ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे मोहित घाट पर डिवाइडर से टकराने के बाद बस पलट गई। उन्होंने बताया कि तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने दुर्घटनास्थल से करीब 60 किलोमीटर दूर नागपुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। भार्गव ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चार एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## दिल्ली के बुजुर्गों के लिए खुशखबरी!

### शुरू हुई रुकी पेंशन, मंत्री आतिशी ने किया ऐलान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने बुजुर्गों को खुशखबरी दी है। दरअसल, दिल्ली सरकार ने बुजुर्गों को पांच महीने की देरी के बाद पेंशन फिर से देने का फैसला किया है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मंत्री आतिशी ने दी है। आतिशी के अनुसार, केंद्र सरकार की कार्रवाई ने पहले लगभग 1 लाख बुजुर्गों की पेंशन रोक दी थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन फिर से शुरू हो गई है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले 5 महीने से पेंशन बंद कर रखी थी। कल तक 90,000 बुजुर्गों के खातों में पेंशन की राशि जमा हो चुकी थी। बाकी बचे 10,000 बुजुर्गों के खातों में आज पेंशन जमा हो जाएगी।

इससे पहले आतिशी ने एक्स (पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा, ₹दिल्ली के बुजुर्गों के लिए खुशखबरी! पिछले 5 महीने से भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली के 1 लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन रोक रखी थी। बुजुर्ग बहुत परेशान थे। उन्होंने आगे कहा, ₹मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि काफी संघर्ष के बाद केजरीवाल सरकार ने बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन शुरू कर दी है। पिछले 5 महीने की पेंशन बुजुर्गों के बैंक खातों में जमा हो रही है।₹ दिल्ली में पेंशन योजना 60 वर्ष से अधिक आयु के उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है। 60 से 69 वर्ष की आयु के लाभार्थियों को 2,000 रुपये प्रति माह, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदायों के लिए अतिरिक्त 500 रुपये प्रति माह प्राप्त करने का अधिकार है। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति 2,500 रुपये प्रति माह के हकदार हैं।

# पहले कैराना से पलायन होता था, आज निवेश हो रहा है: योगी आदित्यनाथ

अमन लेखनी समाचार

मुजफ्फरनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार अगले दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियां निकलती थीं तो पश्चिमी यूपी के युवाओं को उससे वंचित रखा जाता था, मगर आज यहां के युवा और बेटियां नौकरियां प्राप्त कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि शुक्रवार से प्रदेश में पुलिसकर्मियों की 60 हजार से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निकलने वाली सरकारी नौकरियों में यहां के युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा। कोई माई का लाल युवाओं की योग्यता पर प्रश्न नहीं खड़ा कर पाएगा। उन्होंने आगाह किया कि किसी ने भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजने के साथ ही उसकी संपत्तियों को जब्त करके गरीबों में बांट दिया जाएगा।

सीएम योगी बीआईटी कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान 5 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों एवं एमएसएमई उद्यमियों में ?30 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनपदों में हर तीन माह में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

## दंगामुक्त हो चुका है मुजफ्फरनगर

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर को सैकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। खासकर मीरापुर विधानसभा क्षेत्र को इससे सबसे ज्यादा लाभ मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर वही स्थान है, जो 10 साल पहले दंगों की आग में झुलसता था। आज ये दंगामुक्त हो चुका है और यहां धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। सीएम ने कहा कि यहां की नई पहचान विकास, सुरक्षा, नौजवानों को काम, सरकारी नौकरी के रूप में बन रही है।



## चीनी मिल का होगा विस्तारीकरण

मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार मवाना चीनी मिल का विस्तारीकरण कराने जा रही है। इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर सरकार आगे बढ़ रही। उन्होंने कहा कि बहुत कम क्षेत्र को पौराणिक स्थलों से जुड़ने का सौभाग्य मिलता है। यहां शुकतीर्थ को मां गंगा की धारा से जोड़ने का कार्य हुआ है। आज यहां के गुड़ की मिठास पूरी दुनिया में फैल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की ताकत बन चुका है।

## विपक्ष पर निशाना- क्या हुआ एक लाख के बॉन्ड का

सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन लोगों से पूछा जाना चाहिए कि उनके उस बॉन्ड का क्या हुआ, जिसमें एक लाख रूपए देने के लिए भरवाया गया था। मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया को लेकर कहा कि उनके लोग प्रदेश की बेटियों के साथ दुष्कर्म करते हैं और वह दुष्कर्मियों के साथ खड़े रहते हैं। सीएम योगी ने इसे सपा का मॉडल बताया। सीएम ने आश्वस्त किया कि बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो अगले चौराहे पर उसका इंतजार यमराज करते मिलेंगे।

## देश के लिए मेडल जीतो, देंगे सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुजफ्फरनगर के 38 मार्गों के लिए यहां के विधायकगणों ने प्रस्ताव दिया है। यहां मिनी स्टेडियम का शिलान्यास किया गया है। हमारी सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड लाने वाली यूपी की बेटी पारुल चौधरी को डिप्टी एसपी की सीधी नौकरी दी है। प्रदेश के युवाओं की खेल प्रतिभा को आकार देने के लिए मेरठ में प्रदेश का पहले स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण हो रहा हैं। जब ये बनकर तैयार होगा तो यहां का नौजवान ओलम्पिक में गोल्ड और सिल्वर लेकर आएगा। सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश के 500 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है और जो भी नौजवान देश के लिए मेडल जीतेगा, यूपी में सरकारी नौकरी उसका इंतजार कर रही होगी।

## कुछ लोग देश को दंगों की आग में झोंकना चाहते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी में कोई आना नहीं चाहता था। यहां से लोग भागते थे, कैराना से पलायन हो रहा था। आज यहां से उद्योग भागते नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। सहारनपुर और जेवर में एयरपोर्ट बन रहा है। हाईवे का नेटवर्क सुदृढ़ हो रहा है। ये वर्तमान को बेहतर भविष्य देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बांटने का काम कर रहे हैं। देश को दंगों की आग में फिर से झोंकने का काम कर रहे हैं। मगर हमें किसी भी दंगाई को सिर उठाने का अवसर नहीं देना है। जो जाति के नामपर बांटकर अराजकता फैलाना चाहते हैं। जो बेटी की सुरक्षा पर खतरा आने पर दुष्कर्मियों के साथ खड़े होते हों। ऐसे लोगों को हमें आगे नहीं बढ़ने देना है। देश में युवा, गरीब, महिला और अन्नदाता यही चार जातियां हैं। इनकी आकांक्षाओं, अपेक्षाओं को नई उड़ान देना ही हमारी सरकार का संकल्प है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल कुमार, कपिल देव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, केपी मलिक, बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, एमएलसी मोहित बेनीवाल, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, रालोद नेता राजपाल बालियान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# एटीएस ने गोपनीय सूचनाएं बेचने वाले को दबोचा

### क्रिप्टोकरेंसी में करता था सौदा... अब तक कमाए लाखों रुपये

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने डार्क वेब से वैज्ञानिक संस्थानों की गोपनीय सूचनाएं व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाकर उन्हें पाकिस्तान व अन्य देशों में बेच रहे बलरामपुर निवासी नूर आलम को गिरफ्तार किया है। उसके मोबाइल फोन से कई प्रतिष्ठित संस्थानों, बम व विस्फोटक बनाने के फामूर्ले, बैंक, पैन व आधार कार्ड का डाटा मिला है।

एटीएस अधिकारियों के अनुसार, टेलीग्राम चैनल के माध्यम से वह कई देशों के नागरिकों के संपर्क में था, इनमें सर्वाधिक पाकिस्तानी नागरिक हैं। वह संवेदनशील सूचनाओं के बदले क्रिप्टोकरंसी के माध्यम से कमाई कर रहा था। एटीएस उसके मोबाइल की फोरेंसिक जांच करा रहा है। एटीएस अधिकारियों के अनुसार, गोपनीय सूचनाओं के आधार पर की गई छानबीन के बाद आरोपी नूर आलम को श्रावस्ती में बुलाकर पूछताछ की गई और गिरफ्तार कर लिया गया। छानबीन में सामने आया कि वह टेलीग्राम एप्लीकेशन पर कई ग्रुप से जुड़ा था। इनके माध्यम से वह डार्कवेब पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के संवेदनशील डाटा को डाउनलोड करने के लिंक हासिल करता था, जिसके बाद वह डार्क वेब से डाटा डाउनलोड कर उसे टेलीग्राम पर बनाए गए निजी ग्रुप पर साझा करता था। इस ग्रुप में उसने विभिन्न देश के लोगों को रकम लेकर जोड़ा था। वह सूचनाओं के बदले क्रिप्टोकरेंसी हासिल करता था, जिन्हें वह क्रिप्टो एक्सचेंज एप्लीकेशन के माध्यम से अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करता था।

### 10 लाख रुपये हासिल कर चुका था आरोपी

एटीएस के अनुसार, वह अब तक सूचनाएं बेचकर 10 लाख रुपये हासिल कर चुका था। वह पहचान बदलकर इंटरनेट मीडिया के कई प्लेटफार्म पर चैट भी करता था, जिससे नए लोगों को अपने जाल में फंसा सके।

एटीएस ने नूर आलम के विरुद्ध आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। छानबीन के बाद उसके खिलाफ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किए जाने की तैयारी है।

एटीएस को संदेह है कि वह आतंकियों व साइबर अपराधियों के भी सीधे संपर्क में था। इसे लेकर और गहनता से पड़ताल की जा रही है। उसने किस-किस तरह की सूचनाएं किन-किन लोगों को बेची हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा इलाके में पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पकड़ लिया है।पुलिस पकड़े गए आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर उसे जेल भेज दिया।

थाना चौबेपुर के निवादा नाधुपुर निवासी विनय उर्फ नन्हे पुत्र शिव राम उर्फ अरविंद के खिलाफ स्थानीय थाने में एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था।साक्ष्य संकलन वा पीड़िता की बरामदगी के आधार पर अभियोग की बढ़ोत्तरी की गई थी।जिसकी तलाश की जा रही थी।तभी इसी दौरान बंथरा के ही कटी बगिया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया।

### दो केन्द्रो पर 1381अभ्यर्थियो ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के दो केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन शुक्रवार को पहली व दूसरी पाली का पेपर संपन्न हुआ।दोनो ही केन्द्रो पर 1381अभ्यर्थियो ने परीक्षा दी तो वही 539अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।दोनो ही परीक्षा केन्द्रो पर सघंन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियो को अंदर प्रवेश दिया गया।डीसीपी दक्षिणी,एसीपी व एसडीएम ने परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दियें।दोनो ही परीक्षा केन्द्रो पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहें।

परीक्षा देकर दोनो ही केंद्रो से बाहर निकले अभ्यर्थी संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बताया कि जीके, जीएस व हिंदी के प्रश्नों को आसानी से हल किया लेकिन गणित के सवालों ने थोड़ा उलझा दिया।इसके बावजूद उनका पेपर अच्छा रहामोहनलालगंज कस्बे में स्थित काशीश्वर इंटर कालेज व नवजीवन इंटर कालेज को सिपाही भर्ती परीक्षा का केन्द्र बनाया गया था?।पहले दिन दोनो ही केन्द्रो पर प्रथम व दूसरी पाली में 1920अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी थी.शुक्रवार को पहले दिन काशीश्वर इंटर कालेज केन्द्र पर सिपाही भर्ती की प्रथम व दूसरी पाली की परीक्षा में 960अभ्यर्थियो को बैठना था लेकिन इस केन्द्र पर 678अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे,वही नवजीवन इंटर कालेज केन्द्र पर 960अभ्यर्थियो को परीक्षा में बैठना था यहा भी 703अभ्यर्थी केवल परीक्षा देने पहुंचे दोनो ही केन्द्रो पर 539अभ्यर्थी परीक्षा देने नही पहुंचे।पुलिस ने दोनो ही पाली की परीक्षाओ में अभ्यर्थियो को सघंन चेकिंग के उन्हे केन्द्रो में प्रवेश दिया गया।वही तीसरी आंख की निगरानी में दोनो ही पालियो की परीक्षा सम्पन्न हुयी। डीसीपी दक्षिणी केशव कुमार ने दोनो ही परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर मौके पर माजूद एसीपी रजनीश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक आलोक राव समेत केन्द्र व्यवस्थापको को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।एसीपी रजनीश वर्मा व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने दिनभर दोनो ही परीक्षा केन्द्रो पर नजर बनाये रखी ओर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव भी भारी पुलिस फोर्स के साथ दोनो ही केन्द्रो पर मुश्तैद रहे ओर परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायी।

# शिक्षा मित्र संघ के जिला संरक्षक बने प्रदीप



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ यू पी प्राथमिक विद्यालय शिक्षा मित्र संघ की बैठक में संरक्षक एवम जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही जिला कार्यकारणी के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की प्रांतीय कोर कमेटी दरुलशाफा में आयोजित की गई जिसमें सम्यक विचारोप्रांत प्रदेश संगठन ने दो युवावो को जनपद की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन इकाई को और अधिक मजबूत करेंगे जिसमे जिला संरक्षक मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरी खेड़ा सिसेंडी में कार्यरत शिक्षा मित्र प्रदीप सिंह पुत्र ज्ञानेंद्र सिंह तथा जिलाध्यक्ष हरिनाम सिंह पुत्र शिव नंदन सिंह प्राथमिक विद्यालय थर मौदा विकास खंड सरोजनी नगर को नियुक्त किया गया है, प्रदेश संगठन ने दोनो नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि एक सप्ताह में जनपद की कार्यकारणी गठित कर अवगत कराएंगे साथ ही शिक्षक दिवस पांच सितंबर के मौके पर शिक्षा मित्रों ने इको गार्डन में विशाल धरना प्रदर्शन के लिए हुंकार भरेंगे।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल,महामंत्री सुशील कुमार यादव ,मुख्य संगठन मंत्री श्री राम द्विवेदी आदि उपस्थित थे ।

# जालसाजों ने महिला से ठगे 42 हजार ,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में एक महिला से साइबर जालसाजों ने तीन राउंड में करीब 42000 रुपए की ठगी कर ली।इससे परेशान होकर महिला सरोजनीनगर थाने पर साइबर जालसाजों द्वारा हुई ठगी की शिकार की शिकायती पत्र देकर जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सरोजनीनगर के हनुमानपुरी निवासनी शिवांगी सिंह के मुताबिक पुलिस को दी शिकायती पत्र में लिखा है कि बीती पांच अगस्त को मेरे मोबाइल पर काल आई।जिसमे बताया कि मैं साइबर इंस्पेक्टर बोल रहा हूं।कहा कि तुम्हारे खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है।आप हमारे एस पी से बात कर लीजिए।जिनका नाम एस पी लोकनाथ बताया।पुनः दूसरे फोन नंबर से कॉल आई।और बताया कि आप हमे 12000 रुपए भेजो।हम आपके सारे मुकदमा खत्म कर देंगे।जब मैने पैसा भेज दिया और कहा यह हम सी एम कार्यालय भेज रहा हूं।कहा कि मैंने बात की है और वह नहीं मान रहे हैं इसलिए आपको तीस हजार रुपए और देने होंगे।इसलिए हमने उनके द्वारा बताए नंबर पर गूगल पर 30000 रुपए 15000 एवम 15000 के क्रम में भेज दिया।उसने कहा की आप पर तीन धाराएं है।प्रत्येक धारा के 15000 रुपए देने होंगे।इस पर मैं रोने लगी और फोन काट दिया।महिला ने बताया कि बताए फोन नंबर पर करीब 42000 रुपए भेज चुकी हूं।शिवांगी सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ।

# यूपी पुलिस भर्ती 2024 की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गई

### परीक्षार्थियों ने कहा- आसान था पेपर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए फूलप्रूफ प्लान बनाया था जोकि कारगर रहा। योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की आज दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किये थे। इसके तहत हर परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई साथ ही केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहे। वहीं सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी भी की गयी। हम आपको बता दें कि सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

हम आपको बता दें कि योगी सरकार पुलिस बल को और मजबूती देने के लिए 60,244 पुलिस आरक्षी पदों पर भर्ती कर रही है, जिसकी परीक्षाएं 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त को प्रदेश के सभी 67 जनपदों के 1174 सेंटर पर आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत प्रत्येक दिन अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी जबकि दूसरी पाली अपराह्न तीन बजे शुरू होगी और शाम पांच बजे खत्म होगी। अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक दिन अनुमानित 9.5 लाख उम्मीदवारों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल 17 और 18 फरवरी को आयोजित भर्ती परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसी भी अनुचित साधन के इस्तेमाल से बचने के लिए हर परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।



हम आपको बता दें कि पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य की राजधानी लखनऊ में कुछ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है। परीक्षाएं सुचारू ढंग से जारी हैं। सीसीटीवी ठीक से काम कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष राजीव कृष्णा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वहीं जनपद स्तर पर जिलाधिकारी जनपदीय पर्यवेक्षक (मजिस्ट्रेट) के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा परीक्षा केन्द्र ड्यूटी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती समेत अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाएं की गयी हैं। इसके तहत जिलाधिकारी द्वारा हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ सहायक केंद्र पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी (प्रशासन) के रूप में नियुक्त किया गया है जबकि 3 परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती हुई है। इतना ही नहीं नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़ान दस्ते भी मुस्तैद रहे। साथ ही केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहे। प्रदेश के जिन सेंटर पर एक हजार से अधिक अभ्यर्थी हैं, वहां पुलिस उपाधीक्षक तैनात रहेंगे। वहीं एक हजार तक अभ्यर्थी वाले सेंटर पर इंस्पेक्टर और पांच सौ तक अभ्यर्थी वाले सेंटर पर सब इंस्पेक्टर को नियुक्त किया गया है। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मियों में से 50 प्रतिशत जिलाधिकारी और शेष 50 प्रतिशत केन्द्र व्यवस्थापक (प्रधानाचार्य) द्वारा नियुक्त किये गये हैं। इनमें परीक्षा सहायक प्रथम एवं द्वितीय जिलाधिकारी और केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा नियुक्त किये गये जबकि 12 अभ्यर्थियों पर एक अंतरीक्षक को तैनात किया गया। इसके साथ सहयोगी अंतरीक्षक भी तैनात रहेंगे। हम आपको बता दें कि परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए सही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाए, इसके लिए तकनीक का प्रयोग किया गया। इसके लिए परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की चैकिंग, फ्रिस्किंग एवं पर्यवेक्षण की उचित व्यवस्था की गई। केंद्र पर अभ्यर्थियों को प्रवेश फिजिकल फ्रिस्किंग, एचएचएमडी द्वारा फ्रिस्किंग, बायोमैट्रिक फिंगर प्रिन्ट एवं फेशियल रिकॉग्निशन के बाद ही दिया गया। वहीं फेशियल रिकॉग्निशन न होने पर एफआरआईएस कैप्चर करने की भी व्यवस्था की गई है।

# जेलों में बंद महिलाओं व बच्चों की सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी

### जेल सुधारक के शोध पत्र कराया बदलाव

अमन लेखनी अमाचार

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्री राम कालेज में पत्रकारिता विभाग की प्रमुख व जेल सुधारक डा. वर्तिका नंदा के शोध पत्र का शुक्रवार को विमोचन किया। डा. नंदा ने """उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में भारतीय जेलों में महिला कैदियों और उनके बच्चों की स्थिति और उनकी संचार आवश्यकताओं का अध्ययन"""" विषय पर शोध किया है।यह अध्ययन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के तहत किया है। मुख्य सचिव ने कहा कि शोध पत्र में जेलों में सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं, उन्हें लागू कराया जाएगा। जेल में बंद महिलाओं व बच्चों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्य सचिव ने अपने कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की जेलों में निरुद्ध महिला कैदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय किए जा रहे हैं। इनमें महिला कैदियों के लिए अलग आवास और बैरकों का निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ-साथ शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण पहल शामिल है। उन्होंने डा. वर्तिका नंदा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा एक कठिन विषय को शोध के लिए चुना गया है। सिद्धदोष कैदियों के साथ विचाराधीन कैदियों को भी कारागार में रहना पड़ता है।

# यूपी में जन्माष्टमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, डीजीपी ने दिए निर्देश; किसी नई परंपरा की नहीं होगी अनुमति

अमन लेखनी अमाचार

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान ही पुलिस के सामने जन्माष्टमी व चेहल्लुम के सुरक्षा प्रबंधों की भी चुनौती होगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने जन्माष्टमी में कड़े सुरक्षा प्रबंधों के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि जन्माष्टमी के अवसर पर कहीं किसी नई परंपरा की कोई अनुमति नहीं होगी।

शोभायात्रा के मार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध व वीडियोग्राफी कराए जाने के साथ ही संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी का निर्देश भी दिया है। कहा है कि जहां जन्माष्टमी व चेहल्लुम के कार्यक्रम जिन स्थानों पर एक साथ आयोजित हों, वहां मजिस्ट्रेट के साथ दोनों पक्षों की वार्ता कराकर सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाए।



वरिष्ठ अधिकारी ऐसे स्थानों पर अपनी देखरेख में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराएं और अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।

### शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश

डीजीपी ने शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश भी दिया है। कहा है कि जन्माष्टमी के सभी आयोजन स्थलों, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर व जुलूस में योजनाबद्ध ढंग से पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। आयोजकों व धर्मगुरुओं से वार्ता कर उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर निस्तारण कराया जाए। पूर्व में हुए विवादों को भी देखा जाए और वर्तमान में कहीं कोई विवाद हो तो उसे समय रहते हल कराया जाए। बीट प्रभारी के माध्यम से हर छोटे विवाद को भी देखा जाए और हर छोटी सूचना को पूरी गंभीरता से लेकर अधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। आयोजन स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिए तकनीक का उपयोग किया जाए और अधिकारी बड़े आयोजन स्थलों का खुद निरीक्षण कर आवाजाही के मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए। महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत भी अतिरिक्त प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया। कहा, सादे कपड़ों में भी महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। शांति समितियों के सदस्यों का भी पूरा योगदान लिया जाए। डीजीपी ने इंटरनेट मीडिया पर निरंतर निगरानी किए जाने व किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया है। किसी भी आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट का तत्काल खंडन किया जाए।

# सड़क के किनारे पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

अमन लेखनी अमाचार

रोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शुक्रवार को एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का मृत अवस्था में शव ट्रांसपोर्ट नगर के रेलवे अंडरपास के समीप डिवाइडर के पास पड़ा मिला। जो चोटिल एवं मृत प्रतीत होता दिखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास के दुकानदारों द्वारा किसी एक्सीडेंट में चोटिल एवम मृत होने की संभावना व्यक्त की गई।पुलिस ने मृतक अज्ञात के शव को 108 एम्बुलेंस एवम आस पास के दुकानदारों की सहायता से लोकबंधु अस्पताल भिजवाया गया।पुलिस ने मृतक की काफी शिनाख्त कराने की कोशिश की।लेकिन मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी, फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे मर्चरी में रखवा दिया।

### शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली गांव निवासी गुड़िया ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार को पति सीताराम शराब के नशे में धुत होकर घर आये ओर गाली-गालौज करने लगे,जब उसने विरोध जताया बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी भी दी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### 80 पुस्तकालयो का निर्माण कार्य पूर्ण , 101 का है लक्ष्य

उन्नाव। ग्राम पंचायतों में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया गया है। जिले में 80 नए पुस्तकालयों का निर्माण पूरा हो चुका है और 5 सितंबर तक कुल 101 पुस्तकालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। यह महत्वपूर्ण पहल सीडीओ प्रेम प्रकाश के निर्देशन में की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और संसाधनों की उपलब्धता में सुधार किया जा सके।ग्राम पंचायतों और सामुदायिक भवनों में स्थापित किए जा रहे ये पुस्तकालय ग्रामीण छात्रों और अन्य निवासियों को एक अच्छा शैक्षणिक संसाधन प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं। इससे न केवल पढ़ाई की सुविधा प्राप्त होगी बल्कि ग्रामीणों की जानकारी में भी इजाफा होगा।इस परियोजना के तहत, पुस्तकालयों में किताबें और अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की जाएगी। यह ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएगी और ज्ञान तक उनकी पहुंच को आसान बनाएगी। पुस्तकालयों की दीवारों पर 'शिक्षा का धन है सबसे न्यारा, कभी न होता इसका बंटवारा' जैसे प्रेरणादायक स्लोगन लिखवाए गए हैं।हसनगंज ब्लॉक के ग्राम सिंघनापुर में भी एक ग्राम पुस्तकालय की स्थापना की गई है। यह पुस्तकालय गांव के लोगों को पढ़ाई की सुविधा प्रदान करेगा और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करेगा। सीडीओ प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में इस परियोजना का सफल कार्यान्वयन प्रशासन की शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इन पुस्तकालयों के माध्यम से, प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो और ग्रामीण क्षेत्र के निवासी पढ़ाई और ज्ञान की ओर अग्रसर हों।

### न्यायलय परिसर में आयुष कैंप का किया गया आयोजन

उन्नाव। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 कप्तान सिंह ने बताया है कि जनपद न्यायालय परिसर में वादकारियों अधिवक्ताओं एवं आम जनमानस को आयुर्वेदिक, एवं होम्योपैथिक उपचार किये जाने हेतु आज जनपद न्यायालय, परिसर में स्थित सेन्ट्रल हाल में आयुष कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के करकमलों के द्वारा शिविर का उद्घाघाटन किया गया। उन्होंने बताया है कि आयुर्वेदिक चिकित्साधिकायों में डा0 नीरज सोनी व डा0 संदीप कुमार के द्वारा 482 रोगियों का परीक्षण एवं आयुर्वेदिक औषधिया वितरण किया गया। अग्निकर्म चिकित्सा, गोश्रंग अवचारण, चिकित्सा कपिंग (हिजामा) थैरेपी, कंडक्श विधि से अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा एवं लीच थैरेपी विधि का उपयोग किया गया।

नोडल अधिकारी शिप्रा आर्या मनीष निगम, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव डा0 सत्य प्रकाश जी एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सराहनीय योगदान किया।

# शहीद बलिदान दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में देश का मान बढ़ा है।मोदी जी देश की स्वाधीनता की लड़ाई में अपनी आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो को सम्मान दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरो के सम्मान में प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर नौ अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान चलाकर इसे एक उत्सव के रूप में मनाया गया।

उक्त बातें क्षेत्र की ग्रामपंचायत फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा चंदिका खेड़ा में आयोजित शहीद गुलाब सिंह लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बनवारी लाल वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।चंदिका खेड़ा गांव शहीद गुलाब सिंह का पैत्रक गांव है। जहां प्रतिवर्ष तेईस अगस्त को गुलाब सिंह लोधी का बलिदान दिवस मनाया जाता है।बलिदान दिवस में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्य मंत्री ने कहा कि आज का भारत गौरवशाली और वैभवशाली भारत है। हमारे प्रधानमंत्री जी की अगवाई में देश का मन बड़ा है वहीं उन्होंने देश की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सेनानियों को भी सम्मान दिलाने का काम किया है। उन्होंने 9 अगस्त का जिक्र करते हुए बताया कि सन 1925 में पंडित चंद्रशेखर आजाद की अगुवाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों का खजाना लेकर जा रही ट्रेन को काकोरी में लूटकर उसे धन को स्वाधीनता की लड़ाई में लगाया था। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 9 अगस्त से ही वीरों को सम्मान दिलाने के लिए हर घर तिरंगे का अभियान शुरू किया।उन्होंने कहा गुलाब सिंह लोधी ने भी अंग्रेजो के छक्के छुड़ाकर लखनऊ के अमीनाबाद के पार्क में पेड़ पर तिरंगा लहराकर देश प्रेम की एक अमिट कहानी लिख दी।आज हम सब उनका 90 वां बलिदान दिवस मना रहे हैं। उनको कोटि-कोटि नमन।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि गुलाब सिंह लोधी हमारी विधानसभा के गौरव है उन्होंने लखनऊ अमीनाबाद में तिरंगा फहराकर इस गाँव और क्षेत्र का नाम इतिहास में लिख दिया। उसके बाद अंग्रेजो ने इन्हें गोलियों से भून दिया देश के लिए उन्होंने अपनी कुबार्नी दी थी।वह हमारे दिलों में सदा के लिए अमर हो गए।सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि गुलाब सिंह लोधी हमेशा हमेशा के लिए अमर हो गये उस उम्र में उनके अन्दर अपने देश के लिए जो मर मिटने का जज्बा था वह हम सबको देश भक्ति के लिए एक नई प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी, स्नातक एम.एल.सी अरुण पाठक, पुरवा विधायक अनिल सिंह, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर, मोहान विधायक ब्रजेश रावत, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उन्नाव अरुण सिंह, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, बांगरमऊ ब्लाक प्रमुख अर्जुनलाल दिवाकर, नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मिथलेश जैसवाल, ग्राम प्रधान माया देवी, जितेंद्र राजपूत, अवधेश लोधी, मोतीलाल, महादेव लोधी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं सम्मानित ग्राम वासी मौजूद रहे।

# पिंक शौचालय का एमएलसी व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बार एसोसिएशन परिसर में शनिवार को पिंक शौचालय का उद्घाटन किया गया। यह शौचालय विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है, जिससे उन्हें स्वच्छता और सुरक्षा की दृष्टि से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी अरुण पाठक और स्थानीय नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई उपस्थित रहे। एमएलसी अरुण पाठक ने उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ महिला अधिवक्ता सुषमा से करवाया, जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यस्पतेंद्र सिंह और महामंत्री श्याम सुंदर के साथ कई अन्य अधिवक्ता भी मौजूद थे।

इस मौके पर एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि महिलाओं के लिए स्वच्छता की सुविधाएं बढ़ाना समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पिंक शौचालय का निर्माण न केवल सफाई के मानकों को बढ़ाएगा, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान और सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि इस तरह के प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने बार एसोसिएशन की सराहना की, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर अधिवक्ता अभिनव गौड़ संजीव शुक्ला रामशंकर कुशवाहा, बृज किशोर कुशवाहा अरशद जमील , दीपक गौड़ ,शिव सिंह आदि मौजूद रहे ।

# अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवार को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना के समय बाइक सवार राकेश डंपर से टकराकर सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे राकेश की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राकेश के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राकेश के चाचा ने बताया कि राकेश की शादी छह साल पहले हुई थी। राकेश की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर



दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल को एसीएमओ ने किया सीज

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कस्बे में बगैर पंजीकरण संचालित हॉस्पिटल पर एसीएमओ ने चार सदस्यीय टीम ने छापा मारा जिसमें हॉस्पिटल संचालक सहित अन्य स्टाफ मौके से भाग निकला अस्पताल में आठ से अधिक बेड पर भर्ती मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट कर सीज की कार्रवाई की गई जिससे आस पास संचालित नर्सिंग होम बंद कर भाग निकले।

हसनगंज कस्बे में पांच वर्षों से सिंह फैक्कर हॉस्पीटल संचालित था जहां पर शुक्रवार को एसीएमओ नरेंद्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रमोद, मियागंज अधीक्षक नितिन, अखिलेश मिश्र की चार सदस्यीय टीम ने तीन बजे छापेमारी की जिस पर सिंह फ्रैक्कर हॉस्पिटल का मालिक मौके से फरार हो गया।हॉस्पिटल में महिला यूनानी डॉक्टर मौके पर मिली जिसने संचालक से एसीएमओ की बात कराई जिस पर संचालक ने मुख्यमंत्री का हवाला देकर एसीएमओ से देख लेने की बात कही। जिसपर एसीएमओ ने हॉस्पिटल को सीज कर टीम के साथ नई सराय में स्थित क्लीनिक पर छापेमारी की जहां क्लीनिक का संचालक क्लीनिक बन्द कर भाग निकलएसीएमओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बे में सिंह हॉस्पिटल बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। जिसमें चार सदस्यटीम के साथ छापेमारी की गई है मौके पर रजिस्ट्रेशन न दिखाने पर सीज की कार्रवाई की गई है।हॉस्पिटल आठ बेड पर मरीज भर्ती थे जिन्हे सीएचसी भेजा गया है। इसी के साथ मुंशीगंज सहित नई सराय गांव में संचालित क्लीनिक बंद मिला है।

# राधा कृष्ण के रूप से सजे धजे स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्र

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम में धूमधाम से जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने राधा और कृष्ण के रूप में सजे धजे, रंग-बिरंगे वस्त्र धारण किए और उत्साहपूर्वक भाग लिया। लड़कियों ने खूबसूरती से सजी हुई मटकी और लड़कों ने बांसुरी के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ रहीं, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का जीवंत चित्रण किया गया। इसके अलावा, विभिन्न सास्कृतिक कार्यक्रमों और गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। बच्चों ने जन्माष्टमी के इस पावन पर्व का आनंद उठाते हुए खूब मस्ती की और सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अम्बिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम के इस आयोजन ने बच्चों के बीच हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को जीवित रखने के महत्व को रेखांकित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिकाओं और अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक अजय त्रिवेदी व प्रधानाचार्या डैफनी लैम्यूर तथा अन्य शिक्षिकाओं ने सभी छात्र व छात्राओं के साथ इस पर्व का आनन्द लिया तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# चोरो ने नकदी सहित लाखो के जेवर किये पार ,पीड़ित ने दिया प्राथना पत्र

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के समाधा गांव निवासी रणजीत कुमार ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैं रच्छा बन्धन वाले दिन पत्नी को लेकर लखनऊ राखी बंधवाने गया था वही मेरी माँ व बहन मामा के यहां सिसेंडी लखनऊ गयी थी ,आज जब सुबह मेरी माँ लौटी तो देखा घर का दरवाजे का ताला टूटा हुआ है जब घर के भीतर गई तो देखाकी अलमारी खुली हुई है लाकर टूटा है तो उनके होश उड़ गए उन्होनो ने हमको सूचना दी तो मैं अपनी पत्नी के साथ ससुराल से आए देखा की बिजली का बिल जमा करने के लिये लाकर में रखे पचास हजार रुपये तथा मेरी पत्नी का मांग टीका ,नथनी ,झुमकी ,अंगूठी ,टाप्स ,तीनजोडी पायल ,हाफपेटी सहित लगभग दो लाख के जेवर चोरो ने पार कर दिया है ।वही दूसरी घटना थाना छेत्र के गुरुबख्श खेड़ा में घटी , गांव के ग्रामीण शुशील , लल्लू , ज्ञानेंद्र आदि ने बताया कि गांव अज्ञात चोरों ने शुशील के दो मोबाइल , लल्लू के घर से चार मोबाइल तथा बीस हजार रुपया वा पायल तथा हाफपेटी ज्ञानेंद्र का एक मोबाइल वा पांच हजार रुपये चोरो ने पार कर दिए है ।ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों के घर बिल्कुल अगल बगल ही है ताजुब की बात की चोरी के समय ही विधुत भी चली गई और जैसे ही विधुत आई तो हम लोगो ने देखा कि मेरा लोगो का सामान गायब है ।ग्रामीणों ने कहा कि हमलोगों ने संदिग्ध लोगों की घेरा बन्दी भी की परन्तु विधुत चली जाने की वजह सर मौके का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे ।थाना प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है ।

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सीज




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव के निर्देश पर सीज किया गया औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत बयारी गांव मजरे राम पुर गढ़ौवां में प्रयाग पॉली क्लीनिक को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनूप तिवारी व स्टाफ के साथ दोपहर प्रयाग पॉली क्लीनिक पर जा धमके जहां पर अनेकों कमियां मिली और मौके पर कोई भी क्लीनिक से संबंधित प्रपत्र संचालक नही दिखा सका जिसके क्रम में प्रयाग पॉली क्लीनिक को सीज कर दो दिनों का समय दिया गया की क्लीनिक से संबंधित सभी प्रपत्र सीएचसी प्रभारी को उपलब्ध कराए अन्यथा की स्थिति में एफआईआर की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी हालांकि इस संबंध में डॉक्टर अनूप तिवारी ने बताया कि क्लीनिक के प्रपत्र संचालक ने नही दिखाया है दो दिनों का समय दिया गया है यदि उसके बाद संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

# संघर्ष सेवा समिति की ख्याति सुन कार्यालय पहुंचा विदेशी जनप्रतिनिधियों का जत्था

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। संघर्ष सेवा समिति की ख्याति अब देश प्रदेश के साथ विदेश तक पहुंच रही है नेपाल से महाकालेश्वर दर्शन करने आए जनप्रतिनिधियों का एक मंडल संघर्ष सेवा समिति की ख्याति सुन आज कार्यालय पहुंचा जहां उन्होंने समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से जाना और डॉक्टर संदीप सरावगी सहित सभी पदाधिकारी और सदस्यों की जमकर तारीफ की। जनप्रतिनिधि मंडल में रूपंदेही क्षेत्र नंबर चार के सांसद प्रमोद यादव, विधायक अष्टभुज पाठक, माया देवी गांव पालिका के सभापति पदम भंडारी, रेडिसन होटल के मालिक बुद्धिराम यादव, क्षेत्रीय सभापति मुकेश यादव, नेपाली कांग्रेस के रूपंदेही से महासमिति सदस्य जय चंद्र यादव, प्रधान शिव कुमार यादव, पार्टी मेंबर संतोष मिश्रा, उमेश दुबे व रामकृष्ण यादव सम्मिलित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने कार्यालय आकर सर्वप्रथम कार्यालय का भ्रमण किया और समिति की कार्यशैली के बारे में सदस्यों से चर्चा की तत्पश्चात डॉ० संदीप सरावगी द्वारा सभी प्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह के रूप में रानी लक्ष्मीबाई की मूर्तियां भेंट की गई। नेपाल से आए विदेशी मेहमानों द्वारा डॉक्टर संदीप एवं सभी सदस्यों को नेपाल आगमन के लिए भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर दीपक यादव, बसंत गुप्ता , अरुण पांचाल, राकेश अहवार, सुशांत गुप्ता, भूपेन्द्र यादव, मास्टर मन्नालाल, आशीष विश्वकर्मा, शैलेंद्र राय, दीक्षा साहू, राजू सेन, राज कपूर यादव, कमल मेहता, मयंक यादव, रजनी गौतम, आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो सदानंद राय ने छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष के क्षेत्र में रोजगार सृजित करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ बृज किशोर गुप्ता के निर्देशन में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में डॉ बृजकिशोर गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी द्वारा 26 अगस्त 2023 को इसरो के माध्यम से चंद्रमा पर चंद्रयान 3 सफलतापूर्वक उतारे जाने के अवसर पर 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। चंद्रमा पर लैंडिंग का भारत का यह तीसरा प्रयास था। तब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग स्थल को शिव शक्ति नाम दिया गया था। चंद्रमा पर उतरने के लिए गठित समिति में इसरो के अध्यक्ष डॉ सोमनाथ, प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी०वीरमुथुवेल, मिशन डायरेक्टर एस० मोहन कुमार, व्हीकल डायरेक्टर विजु थॉमस थे। उन्होंने बताया कि प्रथम प्रयास 2008 में, द्वितीय प्रयास 2019 में व तृतीय पूर्ण रूप से सफल प्रयास 2023 में किया गया। इस अवसर पर डॉ सविता, डॉ सविता राजन, डॉ रविराज, डॉ किरन, डॉ सुनीता निरंकारी, डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ अभय राजपूत व डॉ शैलजा त्रिपाठी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिग्विजय नारायण ने किया।

# बीमारी से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बिमारी से ऊबकर घर के अंदर कमरे में पंखे के कुंडे से लटक कर अपनी जान दे दी परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के अहमदाबाद माथर निवासी मुलई का 21 वर्षीय पुत्र कमल किशोर जो दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता था रक्षा बंधन को वो गांव आया था बीती देर रात घर के कमरे में पंखे के कुंडे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली युवक को फांसी के फंदे पर झूलता देख परिजनो के होश उड़ गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक अपने भाई बहनों में सबसे बड़ा था जिसकी अभी तक शादी नहीं हुई थी परिजनो ने बताया कि वो बीमार रहता था जिसका इलाज भी चल रहा था कयास लगाया जा रहा है कि शायद बिमारी से ऊबकर ही युवक ने ऐसा कदम उठाया है।

# भाजपा सदस्यता अभियान जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। शुक्रवार को हमीरपुर मे जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की अध्यक्षता में भाजपा सदस्यता अभियान जिला कार्यशाला सम्पन्न हुईं इस कार्यशाला के मुख्य अतिथिभाजपा के प्रदेश महामंत्री /विधान परिषद सदस्य/क्षेत्रीय प्रभारी अनूप गुप्ता जी ने सदस्यता अभियान जिला कार्यशालाश्को संबोधित किया। इस कार्यशाला के दौरान राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद ,क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ,जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत जी, सदर विधायक डॉ0मनोज प्रजापति , पूर्व जिलाध्यक्ष व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विजय पांडेय ,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान ,निवर्तमान जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता ,पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह,गोहांड मंडल प्रभारी रामदेव सिंह एवं जिले के पदाधिकारी व मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता सभी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# छात्राओं के लिए महफूज क्यों नहीं शिक्षालय

स्कूल, कालेज, यूनिवर्सिटी, वर्कप्लेस, पब्लिक प्लेस, घर, कहीं भी बच्ची-लड़कियां-महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। हाल के वर्षों में समाज में यौन विकृति इस कदर बढ़ी है कि चार माह से चार साल की बच्ची भी सुरक्षित नहीं हैं और 60 वर्ष 80 वर्ष की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है। हर तरफ से जब यौन हिंसा की घटनाएं सामने आती है, तो लगता है कि समूचा समाज बीमार है। कोलकाता रेप-मर्डर कांड से देश आलोड़ित-आंदोलित है ही, अब महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में करीब तीन व चार वर्ष की दो मासूम छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न की घटना दिल दहला देने वाली है। कोलकाता की मेडिकल छात्रा के साथ दरिंदगी के बाद से अब तक ही देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षण संस्थानों में यौन उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कोलकाता रेप व मर्डर कांड की अभी सीबीआई जांच हो रही है, इस पर सुप्रीम कोर्ट भी सख्त है, कोलकाता हाईकोर्ट ने भी पश्चिम बंगाल सरकार को कटघरे में खड़ा किया है, लेकिन चिंता की बात है कि कठोर कानून के बावजूद शिक्षण संस्थानों में बच्चियों का यौन उत्पीड़न नहीं रुक रहा है। बदलापुर स्कूल घटना में स्कूल प्रबंधन से लेकर पुलिस प्रशासन तक सब लापरवाह नजर आए, अब जब मामले ने तूल पकड़ा है तो सब एक्शन मोड में लग रहे हैं, सवाल है कि अगर स्कूल-कालेज सुरक्षित नहीं रहेंगे तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान कैसे आगे बढ़ेंगे। समाज में महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा से लेकर यौन हिंसा की लोमहर्षक घटनाएं घट रही हैं। कानून, प्रशासन, प्रबंधन, समाज, परिवार सब मूक दर्शक बने रहते हैं। यौन उत्पीड़न के खिलाफ जनता जब आक्रोशित होती है, तो प्रबंधन-प्रशासन की आंख खुलती है। भारत, बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार के प्रति देश की प्रतिक्रिया पर आउट ऑफ द शैडो इंडेक्स में 58.2 के स्कोर के साथ 60 देशों में से 15 वें स्थान पर है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा विकसित आउट ऑफ द शैडो इंडेक्स, यह मापता है कि राष्ट्र बाल यौन शोषण और उत्पीड़न की समस्या को कैसे एड्रेस कर रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के शोषण एवं ऑनलाइन यौन दुर्व्यवहार के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रणाली बनाई है, जिसमें बच्चों के माता-पिता, स्कूलों, समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों, स्थानीय सरकारों के साथ-साथ पुलिस व वकीलों को भी शामिल किया गया है। बच्चों के साथ शारीरिक, मानसिक, यौनिक अथवा भावनात्मक स्तर पर किया जाने वाला दुर्व्यवहार बाल दुर्व्यवहार कहलाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 18 वर्ष से कम उम्र के 7.9 प्रतिशत लड़के एवं 19.7 प्रतिशत लड़कियां यौन हिंसा की शिकार हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा भारत के 13 राज्यों पर किये गए अध्ययन में 21 प्रतिशत लोगों ने बचपन में गंभीर यौन शोषण की बात स्वीकारी। बाल अधिकारों की रक्षा के लिये 'संयुक्त राष्ट्र का बाल अधिकार कन्वेंशन (सीआरसी)' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो सदस्य देशों को कानूनी रूप से बाल अधिकारों की रक्षा के लिए बाध्य करता है। भारत में बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार के ख़िलाफ सबसे प्रमुख कानून 2012 में पारित यौन अपराध के ख़िलाफ बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो) है। इसमें अपराधों को चिह्नित कर उनके लिए सख्त सजा निर्धारित की गई है। साथ ही त्वरित सुनवाई के लिये स्पेशल कोर्ट का भी प्रावधान है। आज जरूरत दोषियों को सख्त सजा देने व शिक्षालयों को छात्राओं के लिए सुरक्षित बनाने की है। सरकार को शिक्ष संस्थानों को महफूज बनाने के लिए मैकेनिज्म तैयार करना चाहिए।



जम्मू-कश्मीर

प्रमोद भार्गव

# नए भूगोल में पहले चुनाव पर निगाहें

25 जुलाई 2024 की स्थिति में जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाता 87.09 लाख हैं। जो तीन चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान कर नई सरकार चुनेंगे। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के साथ राज्य दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित हो गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा का दर्जा दिया गया है, जबकि लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है। यहां दिल्ली एवं चंडीगढ़ की तरह राज्यपाल सत्ता शक्ति के प्रमुख केंद्र रहेंगे। जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार समग्र समाजों को मिले मतदान के अधिकार के साथ विधानसभा चुनाव होगा। अभी तक यहां दलित एवं जनजातीय समुदायों को मताधिकार ही प्राप्त नहीं था। इस चुनाव पर सबकी निगाहें हैं।

जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार समग्र समाजों को मिले मतदान के अधिकार के साथ विधानसभा चुनाव होगा। अभी तक यहां दलित एवं जनजातीय समुदायों को मताधिकार ही प्राप्त नहीं था। जबकि अब उन्हें आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। यहां का भूपरिदृश्य बदलने एवं धारा-370 और 35-ए हटने के बाद 18 एवं 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। 4 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जहां तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का सवाल है, वहां 10 साल बाद चुनाव होने जा रहा है। इसके पहले 2014 में चुनाव हुए थे, जिसमें किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला था। नतीजतन भाजपा और पीडीपी ने मिलकर कुछ समय गठबंधन सरकार बनाई और चलाई। 2019 में जम्मू-कश्मीर में लागू विशेष अनुच्छेद 370 संसदीय कार्यवाही पूरी कर खत्म कर दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस समेत कश्मीर के दो राजनैतिक-पारिवारिक दल फारूक और मुफ्ती परिवार के मुखियाओं ने घाटी में अशांति बढ़ने की आशंका जताई थी। लेकिन वहां तब से शांति की बहाली तो है ही, पर्यटन से लोगों को खूब रोजगार मिला और अर्थव्यवस्था में गति आई। कश्मीर के आम नागरिकों ने पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को जता दिया कि वे इस अराजकता से तंग आ चुके हैं। यह कितना विडंबनापूर्ण है कि जिस पाकिस्तान में लोकतंत्र फौज की कठपुतली बना रहकर भुखमरी के कगार पर खड़ा है, वह भारत से आतंकवाद के बहाने छायायुद्ध लड़ने से बाज नहीं आ रहा है। आषंका है कि चुनाव की घोषणा के बाद आतंकी घटनाओं की संख्या बढ़ती दिखे? लेकिन यही वह समय होगा जब कश्मीर की जनता न केवल पाकिस्तान को जवाब देगी, बल्कि कश्मीर में अलगाव और परिवारवाद का खेल खेलते रहे मुखौटाधारियों को भी सबक सिखाएगी।

25 जुलाई 2024 की स्थिति में जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाता 87.09 लाख हैं। जो तीन चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान कर नई सरकार चुनेंगे। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के साथ राज्य दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित हो गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा का दर्जा दिया गया है, जबकि लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है। यहां दिल्ली एवं चंडीगढ़ की तरह राज्यपाल सत्ता शक्ति के प्रमुख केंद्र रहेंगे। जम्मू-कश्मीर के बंटवारे और विधानसभा सीटों के विभाजन संबंधी पुनर्गठन विधेयक-2019 के लागू होने के बाद इस राज्य की भूमि का ही नहीं राजनीति का भी भूगोल बदल गया। नए सिरे से किए गए परिसीमन के बाद यहां 7 विधानसभा सीटों की बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा आबादी और उसका लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व का आकलन आयोग ने किया था। साथ ही राज्य में अनुसूचित व अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों को सुरक्षित करने का भी अहम् निर्णय लिया। यानी सही मायनों में परिसीमन के नए परिणामों से भौगोलिक, सांप्रदायिक और जातिगत असमानताएं तो दूर हुईं ही हैं, अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए सीटें भी आरक्षित कर दी गई हैं।



अब जम्मू-कश्मीर में कुल 114 सीटें हैं, जिनमें से 90 सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें 43 सीटें जम्मू और 47 सीटें कश्मीर में हैं। 24 सीटें गुलाम जम्मू-कश्मीर के लिए सुरक्षित हैं। जिन पर चुनाव नहीं होना है। 16 सीटें अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें से सात अनुसूचित जाति और 9 अनुसूजित जनजाती के लिए सुरक्षित हैं। विधानसभा के पांच सदस्य उप राज्यपाल को मनोनीत करने का अधिकार भी दिया गया है। इनमें से दो कश्मीरी प्रवासी यानी कश्मीरी पंडित होंगे। एक गुलाम कश्मीर से विस्थापित व्यक्ति को मनोनीत किया जाएगा। दो सदस्य महिलाएं मनोनीत होंगी। कश्मीर का प्रवासी उन्हें माना जाएगा, जिन्होंने 1 नबंवर 1989 के बाद घाटी से पलायन किया हो और उनका नाम राहत आयुक्त के रजिस्टर में दर्ज हो। जो भी व्यक्ति 1947-48, 1965 और 1971 के बाद वहां से पलायन कर भारत आए हैं, उन्हें विस्थापित माना जाएगा। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में ऐसा पहली बार होगा, कि वाल्मिकी, गोरखा समाज और पाकिस्तान से आए विस्थापित पहली बार मतदान करेंगे। अन्य राज्यों के ऐसे लोग भी मतदान कर सकेंगे, जिनके पास प्रदेश का अधिवास पत्र व मतदान का अधिकार है। गुर्ज्जर - बक्करवाल और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाला जनजातीय समुदाय (अनुसूचित जनजाति) के लिए 9 विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हैं। साथ ही अनुसूचित जाति के लिए भी 7 विधानसभा क्षेत्र सुरक्षित हैं। अतएव जिन लोगों को बीते 78 साल से घाटी के मूल निवासी होने के बावजूद न तो चुनाव लड़ने का अधिकार था और न ही मतदान का,अब उनको अवसर मिलेगा। अब तक कश्मीर में एक भी सीट पर जातिगत आरक्षण की सुविधा नहीं थी, जबकि इस क्षेत्र में 11 प्रतिशत गुर्जर बक्करवाल और गद्दी जनजाति समुदायों की बड़ी आबादी निवास करती है। अब ये समुदाय बढ़-चढ़कर चुनाव में भागीदारी कर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए परिवार और अलगाववाद के लिए चुनौती बनते दिखाई दे सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर में अंतिम बार 1995 में परिसीमन हुआ था। राज्य का विलोपित संविधान कहता था कि हर 10 साल में परिसीमन जारी रखते हुए जनसंख्या के घनत्व के आधार पर विधान व लोकसभा क्षेत्रों का निर्धारण होना चाहिए। इस परिसीमन का भी यही समावेशी नजारिया रहा। जिससे बीते 10 साल में यदि जनसंख्यात्मक घनत्व की दृष्टि से कोई विसंगति उभर आई है, तो वह दूर हो जाए और समरसता पेश आए। इसी आधार पर राज्य में 2005 में परिसीमन होना था, लेकिन 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने राज्य संविधान में संशोधन कर 2026 तक इस पर रोक लगा दी थी। इस हेतु बहाना बनाया कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े आने तक परिसीमन नहीं होगा।परिसीमन से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल 111 सीटें थीं। इनमें से 24 सीटें पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) क्षेत्र में आती हैं। इस उम्मीद के चलते ये सीटें खाली रहती हैं कि एक न एक दिन पीओके भारत के कब्जे में आ जाएगा। बाकी 87 सीटों पर चुनाव होता है। अब तक कश्मीर यानी घाटी में 46, जम्मू में 37 और लद्दाख में 4 विधानसभा सीटें थीं। 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य में जम्मू संभाग की जनसंख्या 42.89 प्रतिशत आबादी है। इस क्षेत्र में विधानसभा की 37 सीटें आती थीं। दूसरी तरफ कश्मीर घाटी की आबादी 68 लाख 88 हजार 475 है। प्रदेश की आबादी का यह 54.93 प्रतिशत भाग है। कश्मीर संभाग का क्षेत्रफल राज्य के क्षेत्रफल का 15.73 प्रतिशत है। यहां से कुल 46 विधायक चुने जाते थे। साफ है, जनसंख्यात्मक घनत्व और संभागबार भौगोलिक अनुपात में बड़ी असमानता थी, इसे दूर किया गया है।

महाराष्ट्र

डा. रमेश ठाकुर



# मराठा आंदोलन के शोर में भाजपा का देवेन्द्र पर भरोसा

महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनावी बिगुल बजने को है। तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग कभी भी कर सकता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस बार का चुनाव किसी भी दल के लिए आसान नहीं होने वाला है। क्योंकि महाराष्ट्र की राजनीति बीते कई महीनों से धधकता मराठा आरक्षण आंदोलन बड़ा मुद्दा बनकर उभरा हुआ है। मराठा चेहरा बने मनोज जरांगे पाटिल लंबे समय से आंदोलित हैं। उनके समर्थन में मराठा समुदाय की बड़ी आबादी उनके साथ है, जो राज्य की राजनीतिक दिशा देने में काफी प्रभावशाली है। ऐसे में कोई भी दल उनकी उपेक्षा नहीं करना चाहेगा। सभी जानते हैं कि स्थानीय मराठा समुदाय, कांग्रेस-एनसीपी का बड़ा वोट बैंक रहा है। दूसरी तरफ, 1980 में भाजपा की स्थापना के बाद से ही इसके नेताओं ने राज्य के ओबीसी वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया। भाजपा नेताओं ने माली, धनगर और बंजारा समुदाय से तीन नेताओं एनएस फरांदे, अन्ना डांगे और गोपीनाथ मुंडे को आगे कर 'माधव' समीकरण की रचना की। तब छगन भुजबल जैसे ओबीसी नेता शिवसेना में हुआ करते थे, इसलिए शिवसेना का



वोट बैंक भी कमोवेश ओबीसी वाला ही था। पर, अब तक राजनीतिक रूप से आमने-सामने होने के बावजूद मराठा और ओबीसी में टकराव की ऐसी स्थिति कभी दिखाई नहीं दी, जैसी मराठा चेहरा बने मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन से दिखने लगी है। गौरतलब है कि अगर मराठा आंदोलन यूं ही बढ़ा है तो यह राज्य में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी तीनों के लिए ये बड़ा सिरदर्द साबित होगा। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कई मर्तबा इसको लेकर कोई विकल्प निकालने की बात कह चुका है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस को आगे कर राज्य में पार्टी नेताओं से बात करने और आरक्षण का मुद्दा कानून के दायरे में रहकर सुलझाने को कहा था। राज्य में 40 फीसदी से अधिक आबादी ओबीसी से ताल्लुक रखती है। जबकि, 30-35 फीसदी आबादी मराठों की है। ओबीसी अपने कोटे को कम नहीं करना चाहती हैं। राज्य में मराठा आंदोलन विवाद बढ़ने के लिए भाजपा शरद पवार को दोषी ठहराती है। कुछ दिन पहले देवेंद्र फड़णवीस ने कह भी दिया था कि अतीत में मराठा आरक्षण का सबसे ज्यादा विरोध एनसीपी नेता शरद पवार ने किया था। कहा कि अगर पवार ने राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाई होती तो मराठा आरक्षण 1992 में ही मंडल आयोग के साथ लागू हो जाता।

शरद पवार मराठवाड़ा क्षेत्र से आते हैं और वे सिर्फ भाजपा के ही निशाने पर नहीं हैं, बल्कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता राज ठाकरे ने भी उनकी कड़ी आलोचना की है। राज ठाकरे ने दावा किया कि उद्धव और शरद पवार मनोज जरांगे के नेतृत्व वाले आरक्षण आंदोलन का इस्तेमाल जातिगत राजनीति के रूप में भी करेंगे। हालांकि शरद पवार का मत है कि मराठा आरक्षण मुद्दा मौजूदा राज्य सरकार की नाकामी से उभरा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार को मनोज जरांगे पाटिल के साथ बैठक कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए था। बहरहाल, महाराष्ट्र में करीब 30-35 फीसदी मराठों के चलते मौजूदा विधानसभा चुनाव में ये आंदोलन महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं जिनमें मौजूदा महायुति की सरकार में भाजपा को ऐसी उम्मीद है कि ग्रामीण स्तर पर मराठा बनाम ओबीसी के ध्रुवीकरण को कम करने में कामयाब रही तो इससे उसे पार्टी को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है। हालांकि अब ये तय हो चुका है भाजपा अगला चुनाव फड़णवीस की अगुआई में चुनाव लड़ेगी। भाजपा ने इस बार 125 सीटें जीतने का टारगेट रखा है और महायुति के साथ मिलकर 200 सीटें। भाजपा करीब 170 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेगी,

## छोटे-छोटे संकल्प हमारी क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित

प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सेहत का दुश्मन है आलस्य

हाल ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। - *सुरेश ठाकुर, धमतरी*

## करंट अफेयर

### हैरिस 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी : जो बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार रात डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान आधिकारिक तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सौंप दी। उन्होंने कमला को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह एक 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी। बाइडन (81) जब शिकागो में आयोजित डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में पहुंचे, तो वहां मौजूद हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन के दौरान कमला (59) बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करेंगी।



## ऑफ बीट

### एआई आईवीएफ भ्रूण भी चुन सकता है

इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) के दौरान, अंडे और शुक्राणु से कई अलग-अलग भ्रूण तैयार होते हैं। फिर, भ्रूणविज्ञानी चुनते हैं कि उन भ्रूण में से किसमें सफल गर्भावस्था की संभावना सबसे अधिक है और इसे रोगी को स्थानांतरित कर दिया जाता है। भ्रूणविज्ञानी भ्रूण की उपस्थिति के आधार पर व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धांतों के एक सेट को लागू करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करके यह विकल्प चुनते हैं। हाल के वर्षों में इस प्रक्रिया में विभिन्न कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीकों का उपयोग करने में बहुत रुचि रही है।



## ट्रेंड

### खुशी हो रही

नेपाल के विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंध और प्रगतिशील एवं बहुआयामी साझेदारी है। हमारी विकास साझेदारी में निरंतर गति की आशा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### इलाज खोज रहे

ब्रायन और सैंड्रा आशा के प्रतीक हैं। जब ब्रायन को एएलएस का पता चला, तो उन्होंने लॉन्च करके त्रासदी को कार्रवाई में बदल दिया और इलाज खोजने के लिए एक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। मैं इन दोनों से प्रेरित हूं। उनकी कहानी खास है, प्रेरणा देती है।

-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति यूएस



### बड़ी हंसी आती है

जिस दिन मेरी जमानत हुई थी, उस दिन सबसे ज्यादा खुश अरविंद केजरीवाल हुए होंगे। केजरीवाल जी मेरे साथी, भाई और राजनैतिक गुरु हैं। जब भी कोई हमारे बीच दरार होने की बात करता है तो मुझे बड़ी हंसी आती है।

-मनीष सिसोदिया, आप नेता



### सामूहिक उत्सव

एसडीजीएम एक्शन दावत का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। सेट पर आने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। सन्नी देओल और पूरी टीम। जैसा कि वादा किया गया था, यह एक सामूहिक उत्सव होगा।

-रणदीप हुड्डा, अभिनेता



# जिले के ब्लाक एवं पंचायत भवन पर लगेगें वेदर स्टेशन यंत्र

## किसानों को मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) की गर्वनिंग बोर्ड, राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन योजना की डीएफएमईसी समिति एवं कृषक उत्पादक संगठनों के गठन के प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना एवं सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना की आयोजित बैठक में सभी विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत अभी तक धनराशि अवमुक्त न होने के सम्बंध में उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही से जानकारी चाही। उप निदेशक कृषि श्री शाही ने बताया कि 26 अगस्त 2024 को स्टेट स्तर पर बैठक आयोजित हो रही है। शीघ्र ही धनराशि अवमुक्त होने की संभावना है। प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत कुछ विभागों को धनराशि आवंटन हुई है जिसे समय से व्यय करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रबन्धक अनिल मौर्य (इफको टोकियो) को निर्देश दिया कि फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाये तथा अपने कर्मचारियों तथा उनके कार्यालयों के नाम सार्वजनिक करें। जिससे किसानों को परेशानी न हो। बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि ने सदन को अवगत कराया कि जिले में कुछ कामन सर्विस सेन्टर (जन सेवा केन्द्र) के संचालक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत आनलाइन गलत तरीके से पंजीकरण कर दे रहे है। जिनके विरुद्ध जांच कराने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को तीन सदस्यीय समिति बनाकर प्रकरण की जांच करने तथा दोषी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि जनपद में सोलर पैनल, सोलर पम्प एवं सोलर लाइटें लगाने की ओर लोगों का रूझान अधिक हो रहा है परन्तु सर्विस सेन्टर न होने के कारण सोलर पैनल, सोलर पम्प एवं सोलर लाइटों के मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस हेतु सर्विस सेन्टर स्थापित कराने की कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कृषक उत्पादक संगठनों को विभिन्न उद्यम लगाने तथा उसका लोगों कतर्निया के नाम से जारी कराने को कहा जिससे कतर्निया की पहचान के साथ-साथ आप द्वारा उत्पादित सामग्री की पहचान दूर-दूर तक बढ़ेगी तथा आपकी आय में वृद्धि होगी। बैठक में उप निदेशक कृषि ने पराली प्रबन्धन, कृषि यंत्रीकरण, कृषि सूचना तंत्र के अन्तर्गत महाराजा सुहेलदेव विराट किसान मेला आयोजन स्थल चयन पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने एसएमएई (आत्मा) योजना की समीक्षा के दौरान जनपद के किसानों को आगामी माह में स्थल चयन कर मुझे अवगत कराते हुए इण्टर स्टेट प्रशिक्षण /भ्रमण कराये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, डीडीएमडीसी बहराइच शैलेन्द्र मिश्रा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह, डॉ एस.के. यादव, एसडीओ फारेस्ट अशोक कुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, एसडीओ कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, रवि कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए अरविन्द कुमार, पंकज कुमार, कुलदीप वर्मा, सुधाकर शुक्ला, राम प्रकाश, सुनील कुमार, टेक्निकल सपोर्ट यूनिट बिल एण्ड गेटस मिलिन्डा फाउण्डेशन अरविन्द मिश्रा, प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, विष्णु पाण्डेय, विनय कुमार शर्मा रंजीतपुर, देशराज पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अमेठी में नदी में मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में दो दिन पहले लापता हुई महिला का शव मालती नदी में मिला। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। संग्रामपुर क्षेत्र के हिम्मतगढ़ गांव निवासी शिव प्रसाद गुप्ता की पत्नी गीता गुप्ता, जो दो दिन पहले लापता हो गई थीं। उनका शव आज सुबह मालती नदी में मिला। शव की पहचान लोहारन का पुरवा और खरबुजही के बीच नदी के किनारे पर हुई। गीता गुप्ता के लापता होने की रिपोर्ट 19 तारीख को थाना संग्रामपुर में दर्ज कराई गई थी। उनके पति शिव प्रसाद गुप्ता ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी। गीता मानसिक विक्षिप्त बताई गई थीं और परिजन उन्हें ढूंढ रहे थे। आज सुबह, लोहारन का पुरवा के ग्रामीणों ने नदी में एक शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गीता गुप्ता के दो बेटे हैं, शिवम गुप्ता (24 वर्ष) और विकास गुप्ता (20 वर्ष)। अभी तक दोनों बच्चों की शादी नहीं हुई है। थाना संग्रामपुर के प्रभारी ईश नारायण मिश्रा ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर गीता की तलाश की जा रही थी। शव मिलने के बाद, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अमेठी में किशोरी ने किया सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी का शव घर के पास पेड़ पर दुप्पटे के सहारे लटका मिलने से हड़कंप मच गया। बेटी का शव देखते ही मां ने चिल्लाना शुरू कर दिया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे के लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, ये पूरा मामला बाजार शुकुल क्षेत्र थाना क्षेत्र के मांझगाव गांव का है। जहां के रहने वाले रामजस की पुत्री शलोनी उम्र 16 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास स्थित पेड़ मे दुप्टे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। बेटी का शव देखते ही मां बदहवास होकर चिल्लाने लगी, जिसके बाद बड़ी संख्या के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतका के भाई रंजीत कुमार ने घटना की सूचना स्थानीय बाजार शुकुल थाने को दी, जिसके बाद थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा भरवाते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि परिजनों ने बालिका के शव का पेड़ से लटके होने की जानकारी दी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी सही जानकारी मिल पायेगी।

# उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने एसएसबी कमांडेड को भेंट की पुस्तक सेवा पथ

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की जिला समिति एंव रुपईडीहा नगर पंचायत इकाई ने भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत से मिलकर समिति द्वारा वार्षिक छापे जाने वाली पत्रिका सेवा पथ सम्मान के साथ भेंट की। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के जिला सैयोजक शेर सिंह कशौधन ने बताया कि समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में भारत की रक्षा करने वाले भारत नेपाल सीमा पर तैनात गंगा सिंह उदावत कमांडेंट 42वी वाहिनी को समिति की वार्षिक पत्रिका सेवा पथ देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य, जिला उप सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, जिला सँयोजक शेर सिंह कसौधन, नगर उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन व अनिल कुमार वर्मा उपस्थित रहे।



# इसरो की अंतरिक्ष उपलब्धियां पर लगी विशेष कक्षाएं तथा प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में नेशनल स्पेस डे पर कार्यक्रम कराया गया। नेशनल स्पेस डे 2024 की थीम पर आधारित कार्यक्रम नेशनल स्पेस डे 2024 के तहत शुक्रवार को विद्यालय में चंद्रयान माड्यूल, इसरो की अंतरिक्ष उपलब्धियां पर विशेष कक्षाएं तथा प्रदर्शनी लगाई गई, तथा इस पर कार्यशाला भी आयोजित हुई। भारत ऑफ द मून पोर्टल पर छात्राओं द्वारा पंजीकरण करने तथा पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नेशनल स्पेस डे के अवसर पर विद्यालय में विशेष आमंत्रित प्रतिष्ठित व्यक्ति बदलू राम वर्मा को आमंत्रित किया गया। जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में मॉडल निर्माण क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। इस अवसर में विद्यालय के शिक्षक नवल कुमार पाठक ओंकार नाथ सैनी अनुपम जायसवाल अनिल कुमार के साथ-साथ छात्र विवेक कुमार सुमित कुमार प्रशांत तिवारी अनामिका अनुज रामदेव रंजीत संदीप थानेदार दीपांशु गुड़िया रंजना छाया काजल आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



# 20 ग्राम स्मैक सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच-क के निर्देशन में सीमा चौकी रुपैडिहा के कार्मिको तथा उ.प्र. पुलिस रुपैडिहा के साथ एक संयुक्त गश्त निकाली गयी। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 651/11 से लगभग 1.5 किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में राणा पेट्रोल पम्प के आगे आईसीपी जाने वाले मोड़ के पास जाने आने वाले वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग सयुंक्त रूप से कियी जा रही थी। एक युवक कुसल गाँव से कच्चे रास्ते से आईसीपी की तरफ जा रहा था। तभी अचानक युवक ने गस्ती दल को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा। गस्ती दल को शक होने पर भागते हुए व्यक्ति का पीछा कर करीब 10 से 15 मीटर की दूरी पर जाकर घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता तथा भागने का कारण पुछा गया तो व्यक्ति ने अपना नाम- छ्वीले पुत्र-कल्लू उम्र- 51वर्ष, निवास ग्राम-कटघर, थाना- रुपैडिहा बताया। भागने का कारण बताया की मेरे पास स्मैक है जिसको नेपाल बेचने जा रहा था तथा पकडे जाने के डर से भाग रहा था। पकडे गए व्यक्ति की सहायक कमांडेंट बासुकी नन्दन पाण्डेय, समवाय प्रभारी रुपैडिहा के समक्ष जामा तलाशी ली गयी तो छ्वीले के पास 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। बरामद 20 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त को सर्वोच्च न्यायलय व मानवाधिकार के निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेत थाना रुपईडीह के सुपुर्द किया गया।

### 10 लाथार्थियों को मिलेगी आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति एवं परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले (10 लाभार्थियों) कारीगरों को आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। सुश्री चावला ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य है, निर्धारित प्रपत्र पर अपने आवेदन-पत्र विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन अथवा ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच में 05 सितम्बर 2024 तक आफलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन करते समय 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पासबुक की छाया प्रति की आवश्यकता होगी। आवेदन का प्रारूप कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा मो.न. 9580503159 पर योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### अस्वच्छ शौचालयों व मैनुअल स्कैवेन्जर्स के सम्बन्ध में मांगी गई सूचना

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नगर पंचायत, पयागपुर की अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका सं. 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20 अक्टूबर 2023 के अनुपालन में नगर पंचायता अन्तर्गत समस्त 14 वार्डों में अस्वच्छ शौचालयों तथा उसमें कार्यरत मैनुअल स्कैवेन्जर्स का सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य किया जा रहा है। अधि.अधि. ने बताया कि यदि कोई स्वच्छकार वर्तमान में अस्वच्छ पेशे से सम्बन्धित कार्य करता है, तो नगर पंचायत पयागपुर में उपस्थित होकर अथवा पालिका से सम्बन्धित टोल फ्री नम्बर 1533 या मोबाइल नम्बर 8189078341 पर सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालयों तथा मैनुअल स्कैवेन्जर्स के सम्बन्ध में 30 अगस्त 2024 तक सूचना दे सकता है।

# अमेठी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

- पार्क पर किया गया था कब्जा, सौंदर्यीकरण के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी नगर पंचायत के कोतवाली के पास स्थित पार्क में किए गए अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया। आज नगर पंचायत के बुलडोजर ने पार्क में अस्थाई तौर पर लगाए गए कई दुकानों को गिरा दिया। दुकानों के गिरने से कई व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत की माने तो इन दुकानों के लगने से नालियों की सफाई नहीं हो पाती थी और सरकारी जमीन पर भी अतिक्रमण किया गया था। जल्द ही इस पार्क का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। अमेठी नगर पंचायत के कोतवाली के सामने स्थित पार्क में कई कपड़ा व्यवसायी और सब्जी व्यवसायी पिछले कई सालों से दुकान लगाकर अपनी आजीविका चलाते थे। आज मौके पर पहुंची अमेठी नगर पंचायत की टीम ने सभी अस्थाई दुकानों को बुलडोजर से गिरा दिया। पूरे मामले पर अमेठी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव ने कहा कि पार्क पर अवैध कब्जे की पिछले कई दिनों से शिकायत मिल रही थी। इसके अलावा नालियों को साफ करने में भी काफी दिक्कत हो रही थी। आज सभी दुकानों को हटवा दिया गया है। इस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए भी शासन को रिपोर्ट भेजा गया है। पार्क में पिछले 18 साल से दुकान लगाने वाले व्यवसायी देवी सहाय जैसवाल ने कहा कि इसी दुकान से उनके परिवार का भरण पोषण होता था। आज सुबह नगर पंचायत की टीम आई जगह को खाली करने के लिये कहा। जिसके बाद हम लोग एसडीएम के पास गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कुछ देर बाद टीम पहुंची और बुलडोजर चला दिया। प्रशासन हम लोगों को दुकान लगाने के लिए जगह दे, क्योंकि यही दुकान उनकी आजीविका का साधन था।

# शाहजहांपुर में मुर्गी दाना व्यापारी के घर लूट का मामला

## 80 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे देखे, 25 से ज्यादा अपराधियों से पूछताछ; एक महीने बाद भी खुलासा नहीं

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, शहर के आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मिस्त्रीपुर में मुर्गी दाना व्यापारी के घर 19 जुलाई को हुई लूट की वारदात का एक महीने बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। पुलिस की तीन टीमें 80 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी हैं और 25 से ज्यादा पुराने अपराधियों से पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन बदमाशों तक पहुंचने में नाकाम रही है। लूट के दौरान बदमाशों ने व्यापारी के घर से करीब पौने दो लाख रुपये नकद और 12 लाख रुपये के जेवरात लूटे थे। वारदात के बाद पुलिस सक्रिय दिखी और एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर सीओ सिटी सौम्य पांडेय के नेतृत्व में एसओजी, आरसी मिशन थाना और सेहरामऊ दक्षिणी थाना की संयुक्त टीमें गठित की गईं। शुरूआती जांच में बदमाशों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुईं, लेकिन उसके बाद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही।

सीसीटीवी कैमरों की जांच में भी अधिकांश कैमरे खराब

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बजाय, पुलिस की सुस्ती अब सवालों के घेरे में है। शुरूआती दिनों में जो पुलिस पीड़ित परिवार के संपर्क में थी, अब उसने उनसे बातचीत तक बंद कर दी है। हरदोई चौराहा और बरेली मोड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में भी अधिकांश कैमरे खराब मिले, जिससे जांच और भी मुश्किल हो गई है। सीओ सिटी सौम्य पांडेय ने दावा किया है कि पुलिस टीमें अभी भी काम कर रही हैं और जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन एक महीने बीतने के बाद भी पुलिस की निष्क्रियता से पीड़ित परिवार में निराशा बढ़ती जा रही है। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इस मामले का खुलासा कर पाती है और पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाती है।

# बरेली के दो डोडा तस्कर गिरफ्तार

- नेशनल हाइवे के होटल और ढाबों पर ड्राइवरों को बेचते थे, बदायूं से खरीदते थे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर पुलिस ने बरेली के दो ऐसे तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो नेशनल हाइवे पर स्थित होटल और ढाबों पर आने वाले ड्राइवरों को डोडा बेचते थे। बदायूं के रहने वाले व्यक्ति से दोनों तस्कर डोडा खरीदकर लाते थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक ढाबे के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दो बोरी मिली है। जिसमें दस किलो डोडा भरा था। पुलिस ने डोडा बरामद कर आरोपियों को थाने लाने के बाद पूछताछ की। उसके बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। कटरा थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि होटल और ढाबों पर डोडा की तस्करी करने वाले संदिग्ध आने वाले हैं। पुलिस ने हाइवे और ढाबे के आसपास घेराबंदी कर दी। तभी पुलिस ने एक ढाबे के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दस किलो डोडा बरामद हुआ है। पुलिस दोनों आरोपियों को थाने ले आई। जहां उनसे पूछताछ की गई। 25 साल का आरोपी जागेशवर और 21 साल का रजनीश बरेली के जिले थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के कुठला गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बदायूं के रहने वाले एक व्यक्ति से डोडा खरीदकर लाते हैं। उसको फिर हाइवे पर बने होटल और ढाबों पर आने वाले ड्राइवरों को बेच देते हैं। जिससे अच्छी कमाई होती है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बदायूं में जिस व्यक्ति से डोडा खरीदते हैं। उसका नाम नहीं पता है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि डोडा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी बरेली के रहने वाले हैं।

# पड़ोसी ने विधवा का मकान घरौनी में कराया अपने नाम

**बेशकीमती मकान बचाने के लिए डीएम के पास पहुंची पीड़िता, लेखपाल व पड़ोसी पर एफआईआर की मांग**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में हाल के दिनों में जिस घरौनी को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों की पीठ थपथपाई गई उसमें भ्रष्टाचार भी सामने आना शुरू हो गया है। धनपतगंज की एक विधवा महिला ने बुधवार को डीएम से शिकायत किया है। उसका आरोप है कि लेखपाल को मिलाकर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने उसके मकान को घरौनी में अपने नाम दर्ज कराया है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे की निवासी सीता देवी पत्नी सत्यनाम का हलियापुर-कूरेभार मुख्य मार्ग पर बाजार में बेशकीमती मकान है। विधवा महिला का आरोप है कि पड़ोस के रविशंकर पुत्र मुन्नालाल की उसके मकान पर नीयत खराब थी। हाल के समय में सरकार द्वारा घरौनी दर्ज कराए जाने का कार्य व्यापक पैमाने पर हुआ, इसी में रविशंकर ने क्षेत्रीय लेखपाल वासुदेव तिवारी को मिलाकर कूटरचित दस्तावेज से विधवा का मकान घरौनी में अपने नाम दर्ज करा लिया। इसकी सूचना लगने पर विधवा सीता देवी ने पड़ोसी रविशंकर व लेखपाल वासुदेव से पूछा तो आरोप है दोनों ने महिला से गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा जो करना है कर लो। विधवा महिला पुनः लेखपाल के पास तहसील में गई

# अमेठी में गोकशों और पुलिस में मुठभेड़

- एक गोकश के पैर में लगी गोली, 4 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में देर रात पुलिस और गौकशो में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक गौकश के पैर में गोली लगी, जबकि मौके से पुलिस ने चार गौकशों को गिरफ्तार किया। घायल गौकश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने गौकशो के पास से बड़ी मात्रा में गाय काटने के उपकरण को बरामद किये हैं। पुलिस सभी गौकशों को जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है। पूरा मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उरवा के जंगल का है। जहां देर रात पुलिस को सूचना मिली कि जंगल में बड़ी संख्या में गौकश मौजूद हैं जो गाय काटने जा रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही हरकत में आई जगदीशपुर पुलिस ने तीन टीमो का गठन कर जंगल मे सभी गौकशों को तीन तरफ से घेर लिया। अपने को घिरता देख गौकशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी लेकिन पुलिस ने बचाव करते हुए गौकशों पर गोली चलाई। पुलिस की गोली एक गौकश अकमल के पैर में लगी जिसके बाद सभी तस्कर मौके से भागने लगे।

पुलिस ने तीन और गौकशों को गिरफ्तार कर किया। गौकशो के पास से एक तमंचा, एक कारतूस, दो चापड़, दो चाकू, एक लकड़ी का ठीहा, प्लास्टिक की पन्नी और रस्सी बरामद किया है। पुलिस ने कुल चार गौकशों को गिरफ्तार किया जिसमें अकमल पुत्र अजमत, रईश पुत्र बब्बू, अरमान पुत्र मो हुसैन और मजीद पुत्र अब्दुल रहमान शामिल है। तीन अभियुक्तों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी गौकशो पर गौवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही में जुट गई है। पूरे मामले पर मुसाफिरखाना सीओ अतुल कुमार सिंह ने कहा कि देर रात पुलिस और गौकशो में मुठभेड़ हुई है। एक गौकश के पैर में गोली लगी है। कुल चार गौकश गिरफ्तार किए गए हैं।

# संक्षेप

## मेरठ पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत

### पीवीवीएनएल की एमडी से की मुलाकात, किसानों की समस्याओं को लेकर दी जानकारी

मेरठ, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मेरठ पहुंचे। उन्होंने पश्चिमी विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की एमडी ईशा दूहन से मुलाकात की। किसानों की बिजली से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यालय में बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर उच्च अधिकारियों से वार्ता के लिए राकेश टिकैत पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में 750 से अधिक किसानों ने बलिदान दिया। उसे पर केंद्र सरकार ने कुछ नहीं बोला। ऐसा लग रहा है, जहां विपक्षी दलों की सरकार है। उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों को निशुल्क बिजली देने की घोषणा की हैं, लेकिन मीटर लगाने की शर्त लगा दी गई। किसान ट्यूबवेल पर मीटर नहीं लगने देंगे। मीटर लगा तो उसे उखाड़ कर बिजली कार्यालय में जमा किया जाएगा। राकेश टिकैत ने कहा कि बिजली चोरी के नाम पर टीम रात में छापेमारी करती है। जो गलत है। किसान लगातार रात में छापेमारी का विरोध कर रहे हैं। इसको लेकर कई जगह विरोध प्रदर्शन भी किए गए हैं। उसके बावजूद भी छापेमारी पर रोक नहीं लगाई जा रही। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## मेरठ में फटे नोट को लेकर दो पक्षों में मारपीट

### दुकानदार सहित 5 लोग घायल, 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मेरठ, मेरठ के किठौर में फटा नोट लेने से मना करने पर दुकानदार और नोट के मालिक में विवाद हो गया। जिसको लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। दोनों पक्षों के हमले में दुकानदार सहित 5 लोग घायल हो गए। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बसपा नेता के रिश्तेदार सहित 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला महलवाला गांव का है। यहां चंद किरण किराना स्टोर चलाता है। दोपहर गांव का ही रहने वाला बिलाल किराना स्टोर से सिगरेट लेने पहुंचा था। बिलाल ने चंद किरण को 10 रुपए का फटा नोट दे दिया। चंद्र किरण ने नोट को लेने से इनकार कर दिया।

इसी को लेकर बिलाल की चंद किरण से कहासुनी होने लगी। आरोप है कि बिलाल ने अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। चंद्र किरण के साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर किराना स्टोर मालिक चंद किरण के परिवार वाले भी निकल आए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। किराना स्टोर का मालिक चंद किरण थाने पहुंचा।

# डोहरिया कला के वीर सपूतों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के डोहरीया कला स्थित शहीद स्मारक पर 23 अगस्त 1942 को शहीद हुए वीर सपूतों की याद में शुक्रवार को शहीद दिवस व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीद स्मारक पर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। मौजूद लोगों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा देश की आजादी में डोहरियाकला की घटना अहम थी। कायर बिटिश हुकुमत के गोलिया से नौ क्रांतिकारी शहीद हुए थे। आज उनकी वतन के प्रति दीवानगी से आज के युवाओं को प्रेरणा लेकर देश को आगें बढाना चाहिए। चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने कहा आज उन्हीं शहीदों के शहादत की देन हम आजाद भारत देश में स्वतंत्रता के साथ रह रहे है। ब्लाक प्रमुख ई.शशीप्रताप सिंह ने कहां देश की स्वतंत्रता में हमारे शहीदों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

आज हमारी युवा पीडी सोशल मीडिया व मोबाइल में उलझ गयी है। जबकि उनको इससे उपर उठकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में आयोजक अरूण कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किए। कार्यक्रम को एसडीएम दीपक गुप्ता, कैप्टन ओमप्रकाश मिश्र, जटाशंकर पांडेय, सुर्यप्रकाश पांडेय, बसंत श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संचालन दिनेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में एसओ विशाल उपाध्याय, पुरूषोत्तमदास अग्रवाल, अरूण मिश्र, नरेन्द्र शुक्ल, प्रधान राम सिंह, सुभाष, रविन्द्र त्रिपाठी, सुमन सिंह, जय प्रकाश सिंह, प्रेमप्रकाश, राजू पांडेय, मीरा देवी, विश्वजीत सिंह, बृजेश सिंह, अभिमन्यु मौर्य, मनोज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं से की अपील

अमन लेखनी समाचार/बेचन शर्मा



उत्तर प्रदेश। लखनऊ 22 अगस्त 2024 अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव लखनऊ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में उपाध्यक्ष ( मध्य ) ) के पद पर अधिवक्ता प्रिय ऊजार्वान प्रत्याशी बृजेश सिंह चौहान के नामांकन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिवसेनक गुप्त जय शिव उपस्थित रहकर श्री चौहान की जीत के लिए अधिवक्ता भाई बहनों से पुरजोर अपील की। इस प्रमुख अवसर पर संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता नंदकिशोर गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री अनुज कुमार गुप्ता ,राष्ट्रीय सचिव जैनेंद्र पांडे ,प्रदेश प्रवक्ता अभिलाष मिश्रा रुद्राक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह चौहान, अवध बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा एवं पूर्व संयुक्त मंत्री राहुल सिंह ,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सपना कनौजिया, राष्ट्रीय महामंत्री युवा प्रकोष्ठ अधिवक्ता पियूष गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता एवं अधिवक्ता वरुण पाल सहित सैकड़ो अधिवक्ता भाई बहनों पदाधिकारी ने नामांकन में उपस्थित होकर बृजेश जी को विजय बनाने की अधिवक्ताओं से पुरजोर अपील की। इसी क्रम में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक अधिवक्ता शिव सेवक गुप्ता जय शिव ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता जी के चेंबर में उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के अधिवक्ता अनुज कुमार गुप्ता को संयुक्त मानव अधिकार परिषद में राष्ट्रीय प्रवक्ता , जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद जनपद हरदोई एवं अधिकता पियूष गुप्ता को संयुक्त अधिवक्ता परिषद में राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर मनोनीत करने की घोषणा की।

# घर से नाराज होकर निकला किशोर वापस नहीं लौटा, अनहोनी की आशंका

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेवड़ा निवासिनी लीलावती देवी पत्नी परमदेव ने थाना पुलिस को तहरीर देकर 14 वर्षीय पुत्र अनीश के घर से गायब होने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेंवड़ा निवासिनी लीलावती देवी पत्नी परमदेव ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 अगस्त को हमारा पुत्र अनीश मोबाइल फोन चला रहा था कि दूसरे पुत्र ने मोबाइल छीन लिया, नाराज हो कर पुत्र अनीश घर से कहीं चला गया, लेकिन 6 दिन बीत गया अभी तक घर वापस नहीं लौटा, नात रिस्तेदारों के यहां काफी खोजबीन करने के बाद हार थक कर अनहोनी की आशंका जताते हुए पुत्र अनीश के गायब होने का मुकदमा पुलिस दर्ज कर तलाश में जुटी हुई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष तनवीर अहमद ने बताया कि मां की तहरीर पर बीएनएस की धारा 137( 2 ) दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

# छठ पूजा व्रत दिनांक 25 अगस्त रविवार को मनाया जाएगा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि भाद्रपद मास प्रारंभ होते ही सनातन धर्म व्रत पर्व का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में सप्तमी युक्त हलषष्ठी का योग बनता है तब हर छठ पर्व मनाया जाता है। निर्णय सिंधु ग्रन्थ में प्रमाण मिलते हैं। अतः सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर अपनी अपनी कुल परम्परा अनुसार शास्त्रीय मान्यता से छठ पूजा व्रत दिनांक 25 अगस्त रविवार को मनाया जाएगा काशी विश्व पंचांग तथा महावीर पंचांग के अनुसार तथा निर्णय सिंधु ग्रन्थ में वर्णित साक्ष्य के आधार पर सभी हमारे कर्म काण्डी एवं ज्योतिष शास्त्र के जानकार समाज में भ्रम नहीं फैलायें सही जानकारी कर समाज में सनातनी धर्मावलंबी भक्तों को अवगत करायें तभी हमारे समाज में फैली अल्पज्ञता को हटाया जा सके और अपने प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहायक बन सके पुत्र की दीघार्यु की कामना से हलषष्टी पूजा रविवार को की जायेगी। तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव व्रत पर्व 26 अगस्त सोमवार को दिन में 8/20 से अष्टमी तिथि लग जायेगी एवं रोहिणी नक्षत्र भी रात में 9बजकर 10 मिनट पर लग जायेगा इस प्रकार अर्ध रात्रि में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का अद्भुत संयोग बना है क्योंकि सोमवार का दिन मिल जाने से जयंती योग का उत्तम अवसर प्राप्त हो रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व व्रत 26 को ही मनाया जाएगा जिससे महापुण्य फल कारी होगा औदयिक अष्टमी तिथि एवं रोहिणी नक्षत्र 27 अगस्त मंगलवार को प्राप्त हो रहा है अतः कुछ विशिष्ट वैष्णव जन मंगलवार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाए गे। विशेष बहुला चतुर्थी और हर छठ पूजा व्रत में गाय का दूध दही नहीं खाना चाहिए क्योंकि संतानों को दीघार्यु प्राप्त के लिए पूजन व्रत कथा पढ़ें नियम संयम से किया गया पूजन अमोघ फलदायिनी सिद्धि प्रदान करता है। तथा संतान समृद्धि आरोग्यता प्राप्ति होती है।

# आटो में सवार महिला का जालसाजों ने अंगूठी चैन निकाला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के डवरपार निवासी राजेन्द्र जायसवाल की पत्नी सुमित्रा नौसढ से आटो में बैठकर घर जा रही थी। रास्ते में दो जालसाज सवार हुए। बातों में उलझाकर जालसाज सोने की चैन व अंगूठी निकाल लिया। महिला शोर मचाने लगी। तबतक जालसाज फरार हो गये। एसओ महेंद्र मिश्र ने बताया दो अज्ञात जालसाजों पर केस दर्ज किया गया है।

# रुपया लेने पहुंचे युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के डोहरियाकला निवासी सतेन्द्र कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया गांव की एक महिला को पच्चास हजार रुपए उधार दिया था। गुरुवार को सूरत से सहजनवा रेलवे स्टेशन पर उतरा तो महिला का फोन आया कि अपना रूपया कमरे पर आ कर ले लो। जब कमरे पर पहुचां तो महिला अपने एक साथी के साथ कमरा बंद कर मारने पीटने लगी। रुपए देने से इंकार कर दी। जान से मारने की धमकी दी। जब मैं पुलिस के पास जाने लगा तो वह लोग दोबारा रास्ते में रोकर मारापीटा। एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया महिला लक्ष्मीना व उसके साथी पर केस दर्ज किया गया है।

# हल्की खरोच लगने से नाराज बोलोरो सवार युवकों ने बस चालक को पीटा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सवारी लेकर जा रही परिवहन विभाग की बस को ओवरटेक करने के दौरान बोलेरो कार में बस की टक्कर लग गई। गुस्साये बोलेरो सवार लोगों ने बस चालक के साथ मारपीट कर दी। बस चालक ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में चालक के पद पर तैनात अतुल कुमार पाण्डेय ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि वह शुक्रवार को परिवहन निगम की बस कानपुर से सांवरिया भरकर हरदोई जा रहा था अभी वह फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कस्बा माथर के पास पहुंचा था। तभी पीछे से एक बोलेरो कार ने ओवर टेक करके बस के आगे ब्रेक मार दी बोलेरो कार को बचाने में बस कार से रगड़ते हुए खाई में चली गई। चालक ने बताया कि वह खाई से बस निकाल रहा था तभी बोलरो सवार आक्रामक होकर उसके साथ मारपीट करने लगते है तथा डंडे व पत्थर से बस को क्षतिग्रस्त कर दिया चालक ने बस थाना परिसर में खड़ी कर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की मांग की है। थाना पुलिस ने बस चालक के प्रार्थनापत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जालौन में माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख का चुनाव संपन्न

## मोहित दोहरे को निर्विरोध चुना गया ब्लॉक प्रमुख, पिता के निधन के बाद खाली हुई थी सीट

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन के माधौगढ़ विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख चिंतामणि दोहरे के निधन के बाद खाली हुए इस पद पर उपचुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। चिंतामणि दोहरे के पुत्र मोहित दोहरे को निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख चुना गया है। इस उपचुनाव में किसी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा मोहित दोहरे के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जिसके परिणामस्वरूप निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चिंतामणि दोहरे के निधन के बाद ब्लॉक प्रमुख का पद खाली हो गया था। उनकी अनुपस्थिति के दौरान, क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल शाक्यवार को कार्यवाहक ब्लॉक प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। इस दौरान हरौली क्षेत्र पंचायत सीट पर भी चुनाव हुए थे। जिसमें मोहित दोहरे को भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाया गया था। मोहित दोहरे ने उस चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की थी। माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख पद के लिए भाजपा के भीतर दो गुटों के बीच खींचतान के बाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मोहित दोहरे को पार्टी का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया। इसके बावजूद आशंका बनी हुई थी, कि कोई और सदस्य नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अगस्त को मोहित दोहरे ने भारत सरकार के पूर्व मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान के साथ विकासखंड कार्यालय में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन की अंतिम तिथि के बाद, किसी अन्य सदस्य द्वारा नामांकन पत्र दाखिल न किए जाने के कारण उपचुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। इस प्रकार, चिंतामणि दोहरे के पुत्र मोहित दोहरे को माधौगढ़ का निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख घोषित किया गया। जिससे भाजपा की आंतरिक गुटबाजी का पटाक्षेप हुआ। क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता बहाल हुई। मोहित दोहरे के निर्विरोध चुनने के बाद उनका भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे द्वारा क्षेत्रीय लोगों का आभार करते हुए आश्वासन दिया कि वह अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए क्षेत्रीय लोगों की जन भावनाओं के अनुरूप जन सेवा करने का प्रयास करूंगा। वहीं यह चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

# सऊदी से पत्नी की हत्या की सुपारी देने वाला अरेस्ट

- मेरठ में रक्षाबंधन मनाने आए पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, प्रापर्टी बेचने का था शक

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी पति प्रवीन कुमार को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने आरोपी को पल्हैड़ा चौराहे से गिरफ्तार किया। प्रवीन ने अपनी पत्नी प्रियंका की हत्या कराने की साजिश रची और हत्या के लिए सुपारी अपने ही भांजे को दी थी। मामले में पुलिस 2 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तीसरे आरोपी प्रवीन को भी अरेस्ट कर लिया। प्रवीन सऊदी में रहकर ड्राइवर का काम करता है। इसलिए वो अब तक पुलिस की पकड़ से दूर था। 19 अगस्त को प्रवीन राखी मनाने मेरठ आया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। गंगानगर के ईशापुरम कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमार ( मूल निवासी टिटौड़ा खतौली मुजफ्फरनगर ) पिछले कई साल से सऊदी अरब में गाड़ी चालक का काम करता है। उसकी पत्नी प्रियंका है। उनके दो बेटे हैं। गत 21 जुलाई को प्रियंका बड़े बेटे विनय के साथ पुरकाजी में छोटे बेटे से मिलने जा रही थी। आरोप है कि घर के पास से ही हमलावार पीछे लग गए। जब वह दुल्हैड़ा रजबहे पर पहुंची तो नकाबपोश हमलावरों ने बलकटी से वार किए। फायरिंग भी की गई, हालांकि गोली नहीं लगी। घटना में घायल महिला और बेटे को कुछ लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया था।

# मेरठ में युवक की गोली मारकर हत्या

## सीने और पेट में लगी है गोली, कलाई में बंधी है राखी; सरकारी नलकूप पर मिली लाश

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। युवक की लाश मोदीपुरम क्षेत्र में मिली है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। युवक के सीने और पेट में गोली लगने के निशान मिले हैं। युवक की कलाई पर राखी बंधी है जबकि हाथों में मिट्टी लगी है। गले पर भी निशान मिले हैं। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। पल्लवपुरम के दुल्हैड़ा के सरकारी नलकूप के पास युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया गया। सुबह वहां से गुजरते लोगों ने जब खून से सनी लाश देखी तो पुलिस को बताया। घटनास्थल और युवक की हालत को देखकर लग रहा है कि उसने मौत से पहले बहुत संघर्ष किया है और हत्यारोपी ने उसके साथ मारपीट भी की है। युवक ने सफेद शर्ट, ब्लू जींस और ब्रांडेड जूते पहन रखे हैं। सीधे हाथ में राखी भी बंधी हुई है। शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पल्लवपुरम थाना प्रभारी मुन्नेश सिंह ने बताया कि सुबह दुल्हैड़ा निवासी आनंदपाल के खेत के किनारे पर एक युवक का शव मिलने की जानकारी मिली।

# सीतापुर में करंट लगने से युवक की मौत

- पंखे को ठीक करते समय हुआ हादसा, परिजन बगैर पुलिस सूचना ही कर रहे अंतिम संस्कार की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस वक़्त हुआ जब युवक घर के अंदर लगे पंखे को सही कर रहा था। परिजन पुलिस को बगैर सूचना के ही अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा है। घटना तंबौर थाना इलाके की है। यहां करंट लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद मजरा पकरिया पुरवा निवासी नवी अहमद ( 30 ) वर्ष पुत्र वसीर बुधवार की सुबह घर के अंदर लगे पंखे के सामने लेटा था। बताया जाता है कि अचानक पंखा बंद होने के बाद युवक नवी अहमद पंखे को ठीक करने लगा। बरसात के दौरान जमीन में नमी होने के चलते अचानक करंट लग गया। करंट लगते ही युवक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा।

परिजन जब तक कमरे में पहुंचे तब तक युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे है। युवक की मौत की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया।

# प्लाट दिलाने के नाम पर हड़पे 20 लाख

**❍ एसपी के आदेश पर मामला दर्ज, महिला का आरोप– पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी**

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ प्लॉट का फर्जी बैनामा कर 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया है कि पैसे वापस मांगने पर उसे, उसके पति और बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। नगर की निवासी कामाक्षी गोयल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि गांधी विहार के मोहम्मद आसिफ ने उसे गांव असौड़ा में एक प्लॉट दिखाया। कहा कि वह प्लॉट के मालिक को जानता है। उसे सही कीमत पर दिला सकता है। आसिफ की बातों में आकर महिला ने प्लॉट खरीदने का फैसला किया। लेकिन आसिफ ने फर्जी दस्तावेज और बैनामा तैयार कर उसे असली की तरह दिखाकर 20 लाख रुपये ले लिए। बाद में ना तो पैसे लौटाए और ना ही प्लॉट दिया। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने पैसे वापस मांगे, तो आसिफ ने उसे गाली-गलौच की और उसके पति और बेटे की हत्या की धमकी दी। जिससे परिवार में डर का माहौल है।

एसपी केजी सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अगले पाँच दिनों में मध्यम से घने बादल, तेज हवाएँ और हल्की बारिश की संभावना

अमन लेखनी समाचार






लखनऊ भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आगामी पाँच दिनों में उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में मौसम में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग ने पूवार्नुमान जारी किया है कि इन दिनों में मध्यम से घने बादल छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही, तेज हवाएँ, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना जताई गई है।

## तापमान और आर्द्रता का अनुमानः

अधिकतम तापमान 31.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 से 25.0 डिग्री सेंटीग्रेड तक रह सकता है। सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर भी काफी ऊँचा रहने का अनुमान है, जिसमें अधिकतम आर्द्रता 88 से 96 प्रतिशत तक और न्यूनतम आर्द्रता 59 से 82 प्रतिशत के बीच हो सकती है।

## हवा की गति और दिशाः

अगले पाँच दिनों में, ज्यादातर पूर्वी दिशा से हवाएँ चलने की संभावना है, जिनकी रफ्तार 8.0 से 25.0 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रह सकती है।

## किसानों के लिए महत्वपूर्ण है

क्योंकि कृषि कार्यों की योजना बनाते समय उन्हें इन मौसमी परिवर्तनों का ध्यान रखना आवश्यक होगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने खेतों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें और फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएँ।

## अनुसंधान संस्थान, रायबरेली द्वारा जारी किया

यह पूवार्नुमान जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप)-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, रायबरेली रोड, लखनऊ द्वारा जारी किया गया है। किसानों को मौसम की जानकारी के लिए सतर्क रहने और आवश्यकतानुसार कृषि कार्यों में समायोजन करने की सलाह दी जाती है।

# ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में पैदल जा रहे युवक की अज्ञात वाहन से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित

मौदहा। राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में पैदल जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने पर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नेशनल हाईवे 34 पर पैदल जा रहा एक युवक छिरका मवैया के बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेजा गया गया है। शिनाख्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रहस्यमयी बुखार से विवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

मौदहा। क्षेत्र में रहस्यमयी बुखार के कारण एक विवाहिता की मौत हो गई। परिजन उसे इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी शाहिना 25 वर्ष पत्नी अजमेरी इस समय रागौल में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी। जिनकी रहस्यमयी बुखार की चपेट में आ जाने पर मौत हो गई। मृतका की बहन हसीना ने बताया कि दो दिन से बुखार आने पर सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया था। देर रात ज्यादा तेज बुखार आने पर सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक रजत रंजन तिवारी ने बताया कि इस समय बुखार के मरीजों की संख्या बढी है। महिला की बुखार से मौत होने पर जांच के निर्देश दिये गये हैं।

# इन्हौना व जामों पुलिस द्वारा वारण्टी गिरफ्तार



अमेठी पथिक समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जामो एवं थाना इन्हौना पुलिस द्वारा कुल 04 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनका विवरण निम्नलिखित वारण्टी अभियुक्त समर बहादुर पुत्र सूर्यभान यादव निवासी ग्राम मढिया कंचनगिरि मजरे रिछौरा थाना जामो जनपद से संबन्धित वारण्टी अभियुक्त तुलसीराम पुत्र गंगा वर्मा निवासी रानीपुर मजरे बलभद्रपुर थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी

# चोरी के विभिन्न आभूषणों, रुपयों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीएनएस थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी से संबन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त हिमांशू उर्फ राहुल पुत्र राकेश कुमार निवासी टेरी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक अदद कान का झुमका (पीली धातु), एक चैन पतली (पीली धातु), एक रिंग (पीली धातु), एक जोड़ा टप्स कान का (पीली धातु), एक जोड़ा कान का सहारा (पीली धातु) तीस हजार रुपये नकद बरामद हुआ ।बरामद आभूषण व रुपयों के बारे में पूछनें पर अभियुक्त हिमांशू उर्फ राहुल ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन मेरे पड़ोसी बजरंग अपने परिवार के साथ कहीं गये थे । उसी रात मैनें उनके घर में दरवाजे के रास्ते घुसकर अलमारी से आभूषण चुरा लिये थे, उन्ही आभूषणों मे से कुछ आभूषण बेच दिया था बरामद 30,000 रुपये उन्हीं आभूषणों की ब्रिक्री के है गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की आयोजित हुई बैठक





अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण, हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराए जाने की स्थिति, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्रियों को पोषाहार वितरण की जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि जो बच्चे रेड श्रेणी में है उनकी नियमित जानकारी रखें साथ ही उन्हें समुचित मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराकर हरी श्रेणी में लाने का प्रयास करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम-मैम श्रेणी के बच्चों का अस्पताल के ओपीडी में इलाज हेतु अलग रजिस्टर बनाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ मौजूद रहे।

# आरसेटी के प्रशिक्षण मे अभिलेख के रखरखाव के बारे में दी जानकारी





अमन लेखनी समाचार

अमेठी बडौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) गौरीगंज में चल रहे 13 दिवसीय ₹कृषि उद्यमी₹ प्रशिक्षण के तीसरे दिन आज उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने एग्रीजंक्शन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवम जिला कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा द्वारा कृषि उद्यमियो को दुकान प्रारंभ करने से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने दुकान पर स्टॉक रजिस्टर विवरण तथा विक्रय से संबंधित अभिलेख के रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, बीजामृत जीवामृत, नीमास्त्र व फेरोमैन ट्रेप की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी प्रकाश जायसवाल, दिनेश सिंह, प्रशिक्षक अरविंद त्रिपाठी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में निकाली गई रैली

## हिन्दू रक्षा समिति की यात्रा में मौनी महाराज और पूर्व विधायक हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार





अमेटी के गौरीगंज में हिन्दू रक्षा समिति के नेतृत्व में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। ब्राह्मण स्वाभिमान एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व मे बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद वहां के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों ने हिंदुस्तान के हिंदुओं में जबरदस्त आक्रोश भर दिया है इस रैली में हिंदू धर्म गुरु मौनी महाराज, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारीशुधांषु शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। रैली ने पूरे गौरीगंज कस्बे का भ्रमण किया और अंत में हनुमान तिराहे पर पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

कुछ दिन पहले बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। इन हमलों में कई निर्दोष हिंदुओं की जान चली गई है। इस घटना के विरोध में गौरीगंज में हिन्दू रक्षा समिति द्वारा यह आक्रोश रैली आयोजित की गई ।रैली का शुभारंभ विद्यामंदिर गौरीगंज से हुआ, जोकि चौक, श्री हनुमान मंदिर तिराहा और सैंठा चौराहे होते हुए हनुमान तिराहे पर जाकर संपन्न हुई। हनुमान तिराहे पर डीएम के प्रतिनिधि को हिंदू धर्म गुरु मौनी महाराज और रामरतन संयोजक हिंदू रक्षा समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परमहंस स्वामी टीकरमाफी, कालिका पीठाधीश्वर श्री महाराज, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, और दिनेश तिवारी भी मौजूद रहे ।गौरीगंज की सड़कों पर उमड़े जनसमूह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों का कड़ा विरोध किया और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। रैली में शामिल लोगों ने नारे लगाते हुए कहा कि अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# रेपिस्टों की बैंड बजानी...

अमन लेखनी समाचार



**शैलजा सिंह गाजियाबाद**

अरे लड़कियों! सुनो।
जरा बात मेरी तुम गुनो जरा

रक्तसनी तस्वीर न बनना
जन गण मन की पीर न बनना

दूर करो भीतर का डर
साथ रखो छुरी नश्तर

चुप्पी तोड़ो बनो कठोर
चीखो चिल्लाओ करो शोर

रेपीस्टो की बैंड बजानी
अब न कर पाए मनमानी

खुद तुम ऐसी धार बनो
रानी झांसी तलवार बनो

मरना हो तो मार के मरना
कुकर्मी से कभी न डरना

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा हुआ कार्यकम

अमन लेखनी समाचार



अमेठी संकल्प के अंतर्गत 100 दिन का विशेष अभियान के तहत चाइल्डलाइन 1098 द्वारा प्राथमिक विद्यालय टिकरिया पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल मौर्य के नेतृत्व में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा₹के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा परियोजना समवयक गौरव श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में बताया कि आवेदक की दो से अधिक संतान न हो यदि दो पुत्रियां हैं तो दोनों को लाभान्वित किया जाएगा, आवेदक की आय अधिकतम 300000 निर्धारित है बालिकाओं के जन्म टीकाकरण एवं कक्षा 1 ,6 ,9 व इंटर पास कर डिप्लोमा डिग्री पर अनुदान निर्धारित है राज्य सरकार या केंद्र सरकार की किसी भी योजना का लाभ न प्राप्त कर रही 6 श्रेणियां में रुपया 25000 का अनुदान दिया जाएगा, आवेदन जिला प्रोबेशन कार्यालय रेलवे स्टेशन गौरीगंज से कर सकते हैं चाइल्ड लाइन से रुचि सिंह ने 1098, 112, 108, 102 और 1090, 181, 1076 की जानकारी दी। बेबी सिंह द्वारा बच्चों के बाल अधिकार के बारे में बताया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरीश चंद्र पांडे एव शिल्पी सिंह ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# महिला को बाइक ने मारी टक्कर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाओं में एक महिला व एक युवक को परिजनों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिदोखर गांव निवासी लक्ष्मी 35 वर्ष पत्नी हरिओम अपने बच्चों को स्कूल भेजकर वापस घर जा रही थी। तभी अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई। लहूलुहान हालत में परिजनों ने उसे मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। दूसरी घटना में संतराम 30 वर्ष पुत्र नरेंद्रनाथ चंद्र निवासी सुरहा महोबा ने अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# स्वर्ण ग्राम अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित




हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी राहुल पांडे ने गाँवो में लगाए गए नोडल अधिकारियों से स्वर्ण ग्राम अभियान के अंतर्गत किये गए कार्यों के संबंध में फीडबैक लिया। जिसमें उन्होने कहा कि स्वर्ण ग्राम अभियान के अंतर्गत संबंधित गांव के क्लस्टर के जो भी नोडल अधिकारी बनाए गए हैं वह अपने क्लस्टर के गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करें। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए व गाँवो की समस्याओं को निस्तारण के लिए स्वर्ण ग्राम अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस अभियान के अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अपने संबंधित क्लस्टर के अधिक से अधिक गांवों को मॉडल के रूप में विकसित करने का कार्य किया जाए तथा योजनाओं का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित किया जाए। ज्ञात हो कि स्वर्ण ग्राम अभियान का लक्ष्य जनपद के प्रत्येक गांव को विकसित करना, स्वस्थ बनाना, शिक्षित बनाना ,समृद्धशाली ,संगठित एवं सुरक्षित बनाना है। जोनल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण, छूटे हुए पात्रों का चिन्हांकन एवं समावेशन, गांव की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखकर उसका विकास करना है। नोडल अधिकारी अपने क्लस्टर के गांव के विकास के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे। इस दौरान एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

जन्माष्टमी विशेष

# हम भी बनेंगे कान्हा जैसे



जन्माष्टमी ऐसा पर्व है, जिसे हर उम्र के लोग बड़े उल्लास से मनाते हैं। बच्चों के मन में तो जन्माष्टमी को लेकर एक खास आकर्षण रहता है, क्योंकि उनके नटखट कान्हा का जन्मोत्सव होता है। टीवी के बाल कलाकर कान्हाजी के बारे में क्या जानते हैं, उन्हें अपने लिए कैसे प्रेरक मानते हैं। ये कलाकार जन्माष्टमी का पर्व कैसे मनाते हैं? इस बार जन्माष्टमी कैसे मनाएंगे, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

पर्व-उमंग

## इस बार कान्हा बनकर दही-हांडी खेलूंगा : कविश चौहान

**सन नियो** के शो 'छठी मैया की बिटिया' में शैशव की भूमिका निभा रहा कविश चौहान, श्रीकृष्ण का परम भक्त है। वह बताता है, 'मैंने अपनी दादी और नानी से कान्हाजी से जुड़ी बहुत-सी कहानियां सुनी हैं। उनकी मासूमियत, उनका नटखट स्वभाव हम सभी का दिल जीत लेता है। उनके चेहरे पर हमेशा एक प्यारी-सी मुस्कान रहती है। कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहकर, वे हर परेशानी का हल निकाल लेते थे। मैं चाहता हूं कि श्रीकृष्ण की तरह मैं भी अपनी हर मुश्किल को हिम्मत और समझदारी के साथ मुस्कुराते हुए हल करूं।' कविश की अबकी जन्माष्टमी पर क्या योजना है पूछने पर वह बताता है, 'इस बार हम अपने घर और घर के मंदिर को कान्हाजी के स्वागत में सजाएंगे। उनके झूले को मैं ही सजाऊंगा। अपने दोस्तों के साथ कान्हा बनकर दही-हांडी भी खेलूंगा।' जन्माष्टमी को लेकर अपनी खास मेमोरी शेयर करते कविश बताता है, 'मेरी सबसे प्यारी मेमोरी तब की है, जब मैंने पहली बार दही-हांडी में भाग लिया था। मैंने बहुत कोशिश की थी, लेकिन मटकी नहीं फूट पाई। लेकिन मेरी कोशिशों के लिए, सबने मुझे काफी सराहा। इससे मुझे यह समझ आया कि चाहे सफलता मिले या ना मिले, कोशिश जरूर करनी चाहिए। इससे कुछ कर दिखाने की ताकत मिलती है। आगे कभी कुछ कर दिखाने की सीख मिलती है।' *





## मैं भी श्रीकृष्ण की तरह सबकी मदद करना चाहूंगा : शौर्य विजयवर्गीय

**जी टीवी** के शो 'प्यार का पहला नाम : राधा मोहन' में मनन की भूमिका शौर्य विजयवर्गीय निभा रहा है। वह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर काफी उत्साहित है। शौर्य बताता है, 'कृष्णा मेरे बहुत ही प्रिय भगवान हैं। वह बचपन में बहुत नटखट थे। माखन खाते थे, खूब मस्ती करते थे लेकिन कभी किसी को दुखी नहीं करते थे। वह सबकी मदद करते थे। मैं भी श्रीकृष्ण की तरह सबकी मदद करना चाहूंगा।' शौर्य इस बार जन्माष्टमी कैसे मनाएगा, पूछने पर बताता है, 'जन्माष्टमी पर हम श्रीकृष्ण भगवान को नए वस्त्र पहनाएंगे, अपने घर के मंदिर को फूलों से सजाएंगे। श्रीकृष्ण की आरती उतारेंगे, उन्हें माखन-मिश्री का भोग लगाएंगे। और हां, रात को हम दही-मटकी भी फोड़ेंगे। सच, कितना मजा आएगा! मैं तो अभी से यह सोचकर रोमांचित हो रहा हूं।' *



## वे हमें हर परिस्थिति में मुस्कुराना सिखाते हैं : रिशान वर्मा

**सोनी सब** पर प्रसारित हो रहे शो 'बादल पे पांव हैं' में रिंकू खन्ना का किरदार निभा रहा रिशान वर्मा, श्रीकृष्ण के बारे में बड़ी श्रद्धा से बताता है, 'बचपन से ही कृष्ण इतने मोहक, आकर्षक थे कि सभी उनकी ओर खिंचे चले आते थे। उनकी मुस्कान, उनकी खूबसूरती को और भी आलौकिक बना देती है। युद्ध का माहौल हो या फिर कोई कठिन और बहुत गंभीर परिस्थिति हो, श्रीकृष्ण हमेशा मुस्कुराते रहते थे। हमें उनसे हर परिस्थिति में मुस्कुराने की सीख लेनी चाहिए।' इस बार जन्माष्टमी को रिशान क्या करने वाला है, पूछने पर बताता है, 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हम भगवान की पूजा करेंगे और उनके प्रिय पकवानों, जैसे-गाय के दूध से बनी खीर, माखन, पंचामृत, मिठाई आदि का भोग लगाएंगे। उनके भजन गाएंगे।' जन्माष्टमी की अपनी सबसे यादगार मेमोरी भी रिशान शेयर करते हुए बताता है, 'एक बार जन्माष्टमी के अवसर पर मैं अपने परिवार के साथ वृंदावन गया था। वहां जन्माष्टमी की रौनक दो-तीन दिन पहले से ही नजर आने लगती है। मंदिर फूलों से सजते हैं। पूरा वृंदावन मिठाइयों की खुशबू से महक उठता है। जन्माष्टमी पर वृंदावन का बहुत ही मनमोहक नजारा होता है। वह मेरी अब तक की सबसे यादगार जन्माष्टमी रही है।' *



## नेक इंसान बनने की प्रेरणा मिलती है : तेजस्विनी सिंह

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भीमा' में नन्ही तेजस्विनी सिंह भीमा की भूमिका में दर्शकों को काफी प्रभावित कर रही है। जन्माष्टमी की बात होती है तो वह कहती है, 'जन्माष्टमी के दिन हम बहुत धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाते हैं। श्रीकृष्ण जिन्हें हम कान्हा भी कहते हैं, उन्होंने हमेशा अपनी लीलाओं से सबको प्रसन्न रखा, कभी किसी को दुःखी नहीं करते थे। वे हमेशा सच्चाई और अच्छाई के पक्ष में रहते थे। भगवान कृष्ण के ये गुण हमें एक नेक इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं।' जन्माष्टमी से जुड़ी अपनी एक खास याद साझा करते हुए तेजस्विनी बताती है, 'पिछले साल जन्माष्टमी पर हम भाई-बहनों ने अपने मम्मी-पापा को मनाकर छत पर एक छोटा-सा दही हांडी सेट-अप करवाया था। एक-एक करके हम सबने मटकी फोड़ी। हमने मोबाइल में टाइमर भी लगाया था कि कौन सबसे कम समय में मटकी फोड़ता है। हमने आठ-दस मटकियां फोड़ीं। खूब मजा आया था।' तेजस्विनी इस बार भी जन्माष्टमी पर अपनी प्लानिंग बताती है, 'मैं अपने दोस्तों के साथ इस साल भी दही-हांडी का खेल खेलूंगी। साथ ही मैं राधा के रूप में ड्रेसअप होकर अपने घर में ही एक छोटा-सा नृत्य भी प्रस्तुत करना चाहती हूं।' *



**प्रस्तुतिः बालभूमि डेस्क**

## जीके क्विज- 117



1. पेरिस ओलंपिक-2024 में भारत को कुल कितने मेडल्स मिले?
2. किस भारतीय महिला रेसलर को ओवरवेट होने के कारण पेरिस ओलंपिक में डिसक्वालिफाई कर दिया गया?
3. जेवलिन थ्रो इवेंट में नीरज चोपड़ा को कौन-सा मेडल मिला?
4. 70 वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स समारोह में बेस्ट एक्टर का अवार्ड किसे मिला है?
5. पुडुचेरी के नए उप राज्यपाल कौन बने हैं?
6. सुभाष चंद्र बोस को 'नेताजी' कहकर सबसे पहले किसने संबोधित किया था?
7. सूर्य में सर्वाधिक कौन-सी गैस पाई जाती है?
8. हमारे राष्ट्रीय ध्वज के मध्य में बने अशोक चक्र में कितनी तिलियां होती हैं?
9. प्रसिद्ध ग्रंथ 'आनंदमठ' के लेखक का क्या नाम है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?

**बच्चों, जीके क्विज-117 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-116 का उत्तर :** 1. 78 वां, 2. रानी लक्ष्मीबाई, 3. महात्मा गांधी, 4. कैप्टन मोहन सिंह, 5. भगत सिंह, 6. महात्मा गांधी, 7. सी. राजगोपालाचारी, 8. वल्लभ भाई पटेल, 9. क्लीमेंट एटली, 10. स्वप्निल कुसाले

**जीके क्विज-116 का सही उत्तर देने वाले :** भूपेश-छत्तीसगढ़, कल्याणी-मुंगेली, चेतन-धमतरी, कबीर-हिसार, जिनेश-ईमेल से, चुनेंद्र-राजिम, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, चेतन-बालोद, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** आज मैंने स्कूल में ब्लैक-बोर्ड पर सांप बनाया।
**पप्पू :** तुम्हें डर नहीं लगा? कहीं वो काट लेता तो?
**गप्पू :** अरे, काटता कैसे? मैंने उसके दांत ही नहीं बनाए।
**-आर्यन, रोहतक**

**चिंटू :** मोटरसाइकिल में कितने पहिए होते हैं?
**मिंटू :** छह पहिए।
**चिंटू :** अरे, ये क्या कह रहे हो तुम?
**मिंटू (हंसते हुए) :** हां, चार मोटर के और दो साइकिल के, हुए न छह पहिए।
**-चिराग, कोरबा**

**पापा :** बेटा, अगर तुम कुछ भी पूरे दिल से चाहो, तो वो जरूर मिलता है।
**टीना :** आज मैं पूरे दिल से चाह रही थी कि आप ऑफिस से लौटते वक्त मेरे लिए चॉकलेट्स लेकर आएंगे। क्या आप लाए हैं?
**-भावना, रायपुर**

कहानी

सरस्वती रमेश

## जीवन की परीक्षा

बारिश में भीग रही एक बूढ़ी मां की मदद करने की वजह से दीपू स्कूल समय से नहीं पहुंच सका, इसलिए उसका मैथ्स का मंथली टेस्ट छूट गया। अगले दिन जब दीपू स्कूल पहुंचा, उसे टीचर ने जिस तरह शाबाशी दी, उसे लगा उसने जीवन की एक बड़ी परीक्षा पास की है। ऐसी परीक्षा में हर किसी को पास होना चाहिए।



बारिश का मौसम भी शुरू हो चुका था। कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती। दीपू का स्कूल उसके घर से वॉकिंग डिस्टेंस पर था। वह रोज पैदल ही स्कूल जाता था। स्कूल के रास्ते में खूब हरे-भरे पेड़-पौधे दिखते। उसे बहुत अच्छा लगता था।

एक दिन दीपू स्कूल के लिए निकला तो बारिश होने लगी। वह छतरी खोलकर स्कूल की ओर बढ़ गया। उस दिन स्कूल में उसका मैथ्स का मंथली टेस्ट था। मैथ्स दीपू का फेवरेट सब्जेक्ट है। हर बार उसे क्लास में सबसे ज्यादा मार्क्स मिलते हैं। टीचर उसे खूब शाबाशी देती हैं। क्लास के बच्चे भी दीपू के लिए क्लैपिंग करते हैं।

'इस बार भी टेस्ट में अच्छा परफॉर्म करूंगा तो फिर से मुझे सबसे ज्यादा मार्क्स मिलेंगे।' रास्ते में यही सोचता हुआ दीपू जा रहा था। तभी उसकी नजर एक बूढ़ी मां पर पड़ी। वो बारिश में भीगती हुई आ रही थीं। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था, जिसे वह मुश्किल से उठा पा रही थीं। दीपू छतरी लगाए उनके पास पहुंचा ही था कि वह बूढ़ी मां बोलीं, 'बेटा, क्या तुम मुझे मेरे घर तक छोड़ दोगे? यह थैला बहुत भारी है, मैं बारिश में बुरी तरह भीग भी गई हूं?'

दीपू ने तुरंत बूढ़ी मां से पूछा, 'कहां है आपका घर?' 'पुष्प वाटिका के पास, अहिंसा मार्ग पर।' उन्होंने बताया।

'अच्छा, यह थैला आप मुझे पकड़ा दीजिए और मेरी छतरी के नीचे आ जाइए।' दीपू ने अपना छतरी वाला हाथ बूढ़ी मां की तरफ बढ़ा दिया। वह दीपू की छतरी के नीचे आ गईं। दोनों अहिंसा मार्ग की ओर चल पड़े। हालांकि अहिंसा मार्ग ज्यादा दूर नहीं था, लेकिन बूढ़ी मां बहुत धीरे-धीरे चल रही थीं, ऊपर से बारिश भी हो रही थी। इस कारण देर हो रही थी। 'तुम्हारा नाम क्या है बेटा?' चलते-चलते बूढ़ी मां ने पूछा। 'दीपू ...! ' उसने बताया।

'अच्छा, तुम किस स्कूल में पढ़ते हो?' बूढ़ी मां ने अगला सवाल किया। 'विद्या भारती।' दीपू ने बताया। 'अच्छा, तो तुम विद्या भारती में पढ़ते हो!' बूढ़ी मां कुछ सोचते हुए बोलीं।

थोड़ी देर बाद अहिंसा मार्ग आ गया। बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचा कर दीपू तेजी से स्कूल की तरफ दौड़ा। उसे काफी देर हो चुकी थी। दीपू को मन ही मन देर से पहुंचने पर स्कूल गेट बंद होने और अपना टेस्ट छूट जाने की चिंता हो रही थी। इसी चिंता में स्कूल की ओर भागने में उसका पैर एक गड्ढे में पड़ गया। गड्ढा बारिश के पानी से भरा हुआ था। वह छपाक से उसमें गिर पड़ा। उसकी छतरी दूर जाकर गिरी। पूरी ड्रेस कीचड़ से गंदी हो गई। जूते-मोजे गीले हो गए। इस हालत में अब स्कूल जाना संभव ना था। वह वापस घर लौट आया।

दीपू को इस हालत में देखकर मम्मी घबरा गईं, 'यह क्या हुआ बेटा? कीचड़ में कैसे सन गए! लगता है कहीं गिर गए थे?'

दीपू ने मम्मी को पूरी बताई। उसे टेस्ट ना दे पाने के कारण दुःख हो रहा था। वह रुआंसा होकर बोला, 'मम्मी, मेरा टेस्ट छूट गया।'

मम्मी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरकर बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा, तुमने किसी की मदद करके एक बहुत अच्छा काम किया है। तुम टेस्ट छूटने की ज्यादा चिंता मत करो। अगला टेस्ट अच्छे से देना।'

मम्मी की बात सुनकर दीपू का मन थोड़ा हल्का हो गया। अगले दिन जब दीपू अपनी क्लास में पहुंचा तो सारे बच्चे खड़े होकर क्लैपिंग करने लगे। दीपू को समझ में नहीं आया कि उसके आते ही सभी ताली क्यों बजा रहे हैं? वह तो कल मैथ्स का टेस्ट भी नहीं दे पाया था।

तभी निकिता मैम ने उसे अपने पास बुलाया और बोलीं, 'दीपू तुम स्कूल के एग्जाम में तो हमेशा फर्स्ट आते हो। जीवन के एग्जाम में भी तुमने टॉप किया है।' दीपू चौंका, वह मैम की बात समझ नहीं पाया। तभी मैम बोलीं, 'कल स्कूल आते वक्त तुमने बारिश में एक बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचाया था ना!'

'यस मैम! उनको पहुंचाने में ही देर हो गई थी, इसलिए मैं मैथ्स का टेस्ट भी नहीं दे पाया।' दीपू ने बताया।

'तुमने जिस बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचाकर, मदद की थी, वो मेरी मम्मी हैं। उन्होंने मुझे सब बता दिया है। बेटा, ईश्वर हमारी समय-समय पर परीक्षा लेता है कि हम एक नेक इंसान हैं या नहीं? तुमने एक बूढ़ी मां की मदद की, अपनी इंसानियत का परिचय दिया। ईश्वर की ली गई इस जीवन परीक्षा में तुम पास हुए, यह एक बड़ी बात है।' मैम ने दीपू की पीठ थपथपाई। वह यह भी बोलीं, 'चिंता मत करो, मैं प्रिंसिपल मैम से परमिशन लेकर तुम्हारा मैथ्स का टेस्ट अलग से लूंगी।'

दीपू भी मैम की बात सुनकर बहुत खुश हुआ। उसे भी लग रहा था कि वह सचमुच जीवन की परीक्षा में पास हुआ है। सभी को इस तरह की परीक्षा में पास होना चाहिए, एक नेक इंसान बनना चाहिए। *

कविता

डॉ. शकुंतला कालरा



## संग का रंग

काले-काले मेघा बरसें,
भर-भर लाएं पानी रे।
खिल-खिल जाती धरती रानी,
झूम उठे दीवानी रे।
झर-झर, झर-झर देती बूंदें,
बादल वाली गागर रे।
बूंद-बूंद नदिया में जाती,
कुछ ले लेता सागर रे।
बूंदें गिरती जो सागर में,
बन जाती जल खारा रे।
जो नदिया में आकर मिलती,
बनती मीठी धारा रे।
जब-जब जैसा संग मिला है,
रूप वही बस धारा रे।
....सीपी के मुख जब-जब जातीं,
बनती मोती प्यारा रे।
अजब निराला रंग संग का,
कोई ना बच पाए रे।
पारस को छूते ही लोहा,
भी सोना हो जाए रे।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1. आसमान में सूरज चमक रहा है। 2. बीच में रखा फुटबॉल गायब है। 3. सबसे आगे दौड़ रहे बच्चे ने कैप पहनी है। 4.इसी बच्चे का बायां हाथ नीचे है। 5.पीछे दौड़ रहे बच्चे की टी-शर्ट पर क्लॉक का चित्र बना हुआ है। 6.डॉगी के दांत नहीं दिख रहे हैं। 7.सबसे आगे एक छोटा पपी भी दौड़ रहा है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में कई सारे डॉग्स दिखाई दे रहे हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 14

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां हाथ में कई बैग्स पकड़े एक बच्ची का चित्र दिया गया है। उसके बगल में कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। चित्र को गौर से देखो और बताओ कि बच्ची की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर : b